26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शनिवार, 21 फरवरी, 2026

अंक- 119 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## कांग्रेसियों की हरकत के विरुद्ध भाजपा सड़कों पर उतरी

कांग्रेस के एआई समिट में हंगामा करने के विरोध में भाजपा ने आज दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात और जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शन किया। दिल्ली में कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 'कांग्रेस-राहुल गांधी=गद्दार', 'देशद्रोही राहुल गांधी माफी मांगे' के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। उधर, मुंबई के मुलुंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के काफिले को काले झंडे दिखाए।




# डोनाल्ड ट्रंप ने पूरी दुनिया पर लगाया 10 प्रतिशत टैरिफ

**वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय द्वारा उनके व्यापक टैरिफ कार्यक्रम के बड़े हिस्से को खारिज किए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई करते हुए एक नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत दुनिया भर से होने वाले आयात पर 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही 'समायोजन प्रक्रिया शुरू हो गयी है।' अमेरिका के उच्चतम न्यायालय ने श्री ट्रंप के पहले के व्यापक टैरिफ कार्यक्रम को यह कहते हुए निरस्त कर दिया था कि अंतराष्ट्रीय आपातकालीन आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) राष्ट्रपति को ऐसे व्यापक आयात शुल्क लगाने का अधिकार नहीं



देता और यह अधिकार कांग्रेस के पास है। नये टैरिफ व्यापार अधिनियम, 1974 की धारा 122 के तहत लगाये गये हैं और ये 'लगभग तुरंत' प्रभावी होंगे। ये अधिकतम 150 दिनों तक लागू रहेंगे। यह कदम श्री ट्रंप के संरक्षणवादी व्यापार एजेंडे का हिस्सा बताया जा रहा है, जिसका उद्देश्य भुगतान संतुलन घाटे और कथित अनुचित व्यापार प्रथाओं से निपटना है। श्री ट्रंप ने उच्चतम न्यायालय के फैसले को 'बेहद निराशाजनक' करार देते हुए कहा कि उनके पहले के टैरिफ के खिलाफ मतदान करने वाले न्यायाधीशों को 'शर्म आनी चाहिए।' छह-तीन के बहुमत वाले इस फैसले से आईईईपीए के तहत पहले लगाये गये अरबों डॉलर के टैरिफ अमान्य हो गये हैं, जिससे सरकार को 130 अरब से 175 अरब डॉलर तक की राशि वापस करनी पड़ सकती है।

**आरोग्यम हॉस्पिटल**
मण्डावर रोड, निकट जजी चौक, बिजनौर
मो0 8923553881, 9528202224

**डॉ. रोबिन तायल**
MBBS, D.Ortho, DNB
पूर्व चिकित्सक- के.जी.एम.सी., लखनऊ
अपोलो हॉस्पिटल, नई दिल्ली
हड्डी व जोड़ रोग विशेषज्ञ

**डॉ. निधि अग्रवाल**
MBBS, MS, FIMR
पूर्व चिकित्सक- सेंटर फार साइट, नई दिल्ली
लायन आई हॉस्पिटल, गाजियाबाद
नेत्र रोग व रेटिना विशेषज्ञा

उपलब्ध सुविधाएँ
ICU, DIGITAL X-RAY, EMERGENCY, BLOOD TEST, ECG........ 24 HOURS.

- एक्सीडेंट व चोट का इलाज।
- घुटने (Knee), व कुल्हे प्रत्यारोपण (Joint Replacement)
- रीढ़ की हड्डी का इलाज (Spine Surgery)
- C-Arm मशीन द्वारा ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन (Arthroscopy)
- प्लास्टर की सुविधा।
- बच्चो के टेढ़े हाथ-पैर का इलाज।
- अत्याधुनिक मशीनो से नेत्र परीक्षण।
- चश्मे की सुविधा।
- मोतियाबिंद का ऑपरेशन।
- नखुना, काला मोतिया का ऑपरेशन।
- लेजर द्वारा लेंस की झिल्ली काटने की सुविधा।
- बच्चेदानी, हर्निया, पित्त की थैली, जबड़े के ऑपरेशन।

रेटिना क्लीनिक
ROP Screening नवजात बच्चे के पर्दे की जाँच
OCT पर्दे की परतों की महीन जांच
Diabetic/Hypertensive Retinopathy Screening बीपी व शुगर से कमजोर पर्दे की जांच व इलाज
Colour Funds photo पर्दे का रंगीन फोटो
Retina Laser पर्दे की बीमारियों का लेजर द्वारा इलाज
Retina Injection पर्दे की बीमारियों का इंजेक्शन द्वारा इलाज

आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत इलाज व ऑपरेशन की सुविधा
24/7 Emergency Services
पता- मण्डावर रोड, निकट जजी चौक, बिजनौर



# रमज़ान के पहले अशरे में होती है रहमतों की बरसातः मुफ़्ती मौ. अरशद क़ासमी

## झूठ, चुगली व कठोर बातों से जबान को बचाना रोजे को कामयाब बनाता है

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** जमीयत उलमा-ए-हिंद बिजनौर के जनरल सेक्रेटरी मुफ्ती मौ. अरशद कासमी ने कहा है कि रमजान मुबारक का पहला अशरा चल रहा है। इसे रहमत का अशरा कहा जाता है। इन दिनों अल्लाह तआला की रहमत बंदों पर बारिश की तरह बरसती है। खुशकिस्मत वह है जो अच्छे काम करके खुद को इस रहमत का हकदार बनाए व अपने दामन को अल्लाह की नेमतों से भर ले। उन्होंने कहा कि रोजे की असली भावना यह है कि इंसान सिर्फ खाने-पीने से ही न रुके, बल्कि हर उस बात व काम से भी बचे जो अल्लाह की नाराजगी का कारण बने। जब हम अल्लाह के हुक्म से हलाल चीजें भी कुछ समय के लिए छोड़ देते हैं, तो जो बातें पहले से ही गुनाह हैं, उनसे बचना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। झूठ, चुगली व कठोर बातों से जबान को बचाना, नजर को पाक रखना व लेन-देन में ईमानदारी अपनाना ही रोजे को सही मायने में कामयाब बनाता है। पहला अशरा रहमत का है, इसलिए हमें ज्यादा से ज्यादा नेक काम करने चाहिए, दिलों से जलन व नफरत को निकालना चाहिए, जकात व सदका का सही इंतजाम करना चाहिए, अपने आसपास के गरीबों, मजबूरों व बेसहारा लोगों की मदद करनी चाहिए। जिस तरह हम अल्लाह की रहमत चाहते हैं, उसी तरह हमें भी लोगों के लिए नरमी व आसानी का जरिया बनना चाहिए। अगर यह अशरा हमें गुनाहों से दूर व नेकी के करीब कर दे, तो यही रमजान की असली कामयाबी है, यही अल्लाह की बड़ी रहमत पाने का रास्ता है।

# शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दे सरकारः माता प्रसाद

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )** उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र में प्रदेश पर बढ़ते कर्ज, कंसोलिडेटेड फंड और स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जोरदार बहस हुई। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने सरकार को वित्तीय प्रबंधन और जनसेवाओं के मुद्दे पर घेरा, जिस पर संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने जवाब दिया। माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि प्रदेश पर नौ लाख करोड़ रुपये से अधिक का कर्ज हो चुका है और सरकार इस मुद्दे से बचने का प्रयास कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि बजट बनाते समय वास्तविक स्थिति को स्पष्ट नहीं किया जा रहा। इस पर सुरेश खन्ना ने शुरुआत में आपत्ति जताई, हालांकि बाद में कर्ज के आंकड़े को स्वीकार किया। नेता प्रतिपक्ष ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि जिला अस्पतालों से मरीजों को मेडिकल कॉलेजों और बड़े संस्थानों में रैफर करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग जीवन-मरण से जुड़ा विषय है, इसलिए यहां संविदा और आउटसोर्सिंग पर कर्मचारियों की नियुक्ति नहीं होनी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश में एक हजार लोगों पर केवल 0.37 डॉक्टर उपलब्ध हैं, जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानक एक हजार पर एक डॉक्टर का है। जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में दवाओं की कमी और विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता भी उन्होंने प्रमुख समस्या बताई। पांडेय ने कहा कि यदि जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज ठीक से कार्य करें तो मरीजों को लखनऊ के बड़े संस्थानों, जैसे संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान में रैफर करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# मधुसूदन आनंद का निधन नजीबाबादवासियों के लिए सदमाः अबरार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आम आदमी पार्टी के नेता अबरार अहमद ने वरिष्ठ पत्रकार व लेखक नजीबाबाद निवासी मधुसूदन आनंद के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मधुसूदन नवभारत टाइम्स दिल्ली के सम्पादक रहे हैं। उनका बीमारी के चलते दिल्ली में निधन हो गया। उनका निधन नजीबाबादवासियों के लिए बहुत बड़ा सदमा है। मधुसूदन आनंद ने अपनी काबलियत व अच्छे इंसान होने के नाते नजीबाबाद का दिल्ली तक नाम रोशन किया है। उनका निधन नजीबाबाद के लोगों के लिए बड़ी क्षति है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता है। अबरार अहमद ने मधुसूदन आनंद को अपनी ओर से खिराजे अकीदत पेश की है।

# बच्चों को सोशल मीडिया पर नफ़रती माहौल से बचाने की मांग

## सांसद को सदन में मुद्दा उठाने को लिखा पत्र

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के सामाजिक कार्यकर्ता फहीम अहमद ने 10 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया के इस्तेमाल पर नियंत्रण को लेकर संसद में मुद्दा उठाने को नगीना लोकसभा के सांसद चंद्रशेखर आजाद को पत्र भेजा है। पत्र में कहा गया है कि वर्तमान में 16 वर्ष से कम आयु के बच्चे बड़ी संख्या में सोशल मीडिया का उपयोग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर नफरती माहौल, भ्रामक जानकारी व आपत्तिजनक सामग्री तेजी से फैल रही है, जिसका सीधा प्रभाव बच्चों की सोच व मानसिकता पर पड़ रहा है। कम उम्र में ऐसे वातावरण के सम्पर्क में आने से बच्चों के मन में गलत धारणाएं बन रही हैं। ऑनलाइन बुलिंग, नफरत फैलाने वाली भाषा, हिंसक निर्माण को प्रभावित कर रही है। यह केवल व्यक्तिगत नहीं बल्कि सामाजिक स्तर पर भी चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया उपयोग पर प्रतिबंध अथवा आयु प्रमाण प्रणाली लागू करने का मुद्दा गंभीरता से उठाने की जरूरत है, जिससे देश के बच्चों को सुरक्षित, सकारात्मक व स्वस्थ डिजिटल वातावरण मिल सके।



# पुलिस ने संगठित गिरोह के चार सदस्यों को किया गिरफ्तार

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** स्थानीय पुलिस ने उ.प्र. गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रिया कलाप निवारण अधिनियम से संबंधित चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। थाना पुलिस ने अभियुक्तगण फईम पुत्र नफीस निवासी करमसखेड़ी, दानिश पुत्र अय्यूब, मुन्ना पुत्र मजीद व मौ. रफी उर्फ बब्बू पुत्र हफीजुद्दीन उर्फ फौजू निवासीगण ग्राम जफरपुर को गिरफ्तार कर बताया कि उक्त अभियुक्तों के विरुद्ध अपने आर्थिक एवं भौतिक लाभ के उद्देश्य से एक संगठित अपराधिक गिरोह कायम कर गौकशी व मारपीट जैसे अपराधिक कृत्य कारित करने का मुकदमा पंजीकृत है। पुलिस ने चारों अभियुक्तों का चालान कर दिया।




# दहेज हत्या में पति को आजीवन कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान के अनुसार कोतवाली शहर थानांतर्गत ग्राम अगरी निवासी अभय पुत्र रणवीर सिंह ने मोबाइल फोन से थाना कोतवाली शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने अपनी बहन दिव्यांशी की शादी वर्ष 2022 में मंडावर थानांतर्गत ग्राम इनामपुरा निवासी गौरव उर्फ कप्तान पुत्र राजकुमार के साथ की थी। शादी के कुछ दिनों बाद से ही गौरव उर्फ कप्तान दिव्यांशी से दहेज में बुलेट मोटर साइकिल की मांग एवं 50 हजार रुपये की मांग करने लगे। दहेज की मांग पूरी न होने पर दिव्यांशी के साथ मारपीट कर और प्रताड़ित करने लगे। 13 अक्तूबर 2024 को गौरव उर्फ कप्तान ने दिव्यांशी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। 16 अक्टूबर 2024 को दिव्यांशी अपनी मां रेखा देवी, बाबा महेन्द्र सिंह ओर दादी बृजेश घर पर थी, तभी गौरव उर्फ कप्तान शाम को 7 बजे करीब आया और दिव्यांशी को गाली देते हुए मारपीट करने लगा। उसकी मां रेखा देवी, बाबा महेन्द्र सिंह और दादी बृजेश ने रोकने की कोशिश की, तो गौरव उर्फ कप्तान ने चाकू से दिव्यांशी पर वार करके घायल कर दिया। ज्यादा खून बहने के कारण दिव्यांशी की मौके पर ही मौत हो गई उसके बाद गौरव सबको जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। जब अभय घर आया तब उसने थाने में फोन करने सूचना दी। विवेचना के दौरान पुलिस ने गौरव उर्फ कप्तान को गिरफ्तार कर उससे हत्या में प्रयुक्त चाकू बरामद किया। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट श्री प्रकाशचंद्र शुक्ला ने पत्नी की हत्या का अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त पति गौरव उर्फ कप्तान को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) के तहत आजीवन कारावास और एक लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई,जबकि आर्म्स एक्ट की धारा 4/25 के तहत एक वर्ष कारावास एवं एक हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा होने पर उसमें से 95 हजार रुपये प्रतिकर के रूप में मृतका दिव्यांशी की माता रेखा देवी को दिलाये जाने के आदेश दिये हैं।



# नन्हे रोजेदारों को माला पहनाकर सम्मानित किया

**राजा का ताजपुर ( चिंगारी )।** आर के एस एम पब्लिक स्कूल में पहला रोजा रखने वाले नन्हें रोजेदारों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। प्रातः प्रार्थना सभा में प्रबंधक बलराम सिंह ने मुस्लिम बच्चों को रमजान की शुभकामनायें दी। प्रधानाचार्य आशाराम राजपूत, कोआर्डिनेटर कमलजीत सिंह नूर, शादाब अहमद, छात्रा अलीसा, सोफिया ने रमजान में रोजे व जकात की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि दुनिया में सभी धर्म श्रेष्ठ हैं, जो इंसान को बुराइयों से रोकते हैं। नेक कर्म करने की शिक्षा देते हैं। रमजान संयम, सब्र रखने, खुदा की इबादत करने, प्रेम व एकता बढ़ाने का महीना हैं। रमजान हमें एक बेहतर इंसान बनने का अवसर प्रदान करता हैं। रमजान में पहला रोजा रखने वाले एलकेजी, यूकेजी के छात्र मो. अयान, मो. हिफजान, अरहान, अरहम, सयान, फातिमा को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में इरम परवीन, अनम विशाल, अनुराग त्यागी आदि मौजूद




## डीएम ने किया स्ट्रांग रूम व वीवीपेट वेयर हाउस का निरीक्षण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शुक्रवार दोपहर परिसर स्थित ईवीएम संरक्षित स्ट्रांग रूम का त्रैमासिक निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा भूतल स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सील्ड तालों को खुलवाकर विधानसभा वार संरक्षित ईवीएम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम सुरक्षा, अग्नि सुरक्षा, विद्युत व्यवस्था एवं अन्य सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया। सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से संचालित पाई गईं। तदुपरांत उनके द्वारा झंडापुर स्थित वीवी पेट वेयरहाउस का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार, भाजपा से धीर सिंह, सपा से अख़लाक़ पप्पू, बसपा से मुहम्मद सिद्दीक तथा कांग्रेस से अनिल त्यागी एवं क़ाज़ी आतिफ़ मौजूद थे।

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी जनपदवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद पूर्व सभासद
नगर पालिका परिषद, बिजनौर
मौ. मिर्दगान बी. 10, बिजनौर




तीसरा रोजा : शनिवार, 21 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:14, शिया 6:25
चौथा रोजा : रविवार, 22 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:25, शिया-5:18

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any) having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero



MEVRICK 440 पर पायें 50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट



फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## एआई और कांग्रेस-आई

आजकल एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमत्ता सर्वाधिक चर्चाओं में है। दोनों तरह की चर्चाएं हैं, सकारात्मक भी और नकारात्मक भी। दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इम्पेक्ट समिट ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। लेकिन पलीता लगाने वाले भी कम नहीं हैं। यूथ कांग्रेस के कुछ निकम्मों को पता नहीं क्या सूझा कि उन्होंने भारत की प्रतिष्ठा को ही पलीता लगाने का मंसूबा ठान लिया। समारोह में अर्द्धनग्न प्रदर्शन कर नाक कटा दी। हालांकि इससे समिट का महत्व कम नहीं हुआ। अलबत्ता, भारत की प्रतिष्ठा को आघात जरूर लगा। कांग्रेस पार्टी कितना ही तर्क-वितर्क और कुतर्क कर ले, लेकिन यूथ कांग्रेस के उदंडियों की हरकत को जायज नहीं ठहराया जा सकता। प्रदर्शन का मकसद चाहे जो हो, लेकिन समय, तरीका और स्थान बिल्कुल गलत चुना गया।

बताने की आवश्यकता नहीं कि एआई को लेकर भारत की आकांक्षाएं कितनी प्रबल हैं। आज दुनिया भर में कृत्रिम बुद्धि-एआई पर सबसे ज्यादा निवेश हो रहा है और इसे अब तक की सर्वाधिक परिवर्तनकारी तकनीक माना जा रहा है। ऐसे में दिल्ली में हो रही एआई समिट पर विश्व के तमाम देशों की नजरें लगी हुई हैं। अमेरिका एआई के प्रयोग व उसमें निवेश के मामले में दुनिया भर में अग्रणी है और उसके बाद चीन तथा भारत का स्थान है। इससे शिक्षा, चिकित्सा, विधि, कृषि, परिवहन, संप्रेषण, पर्यटन, विज्ञान, आदि अनेक क्षेत्रों में व्यापक परिवर्तन आएंगे, लेकिन सर्वाधिक प्रभावित होने वाला क्षेत्र सूचना प्रसारण या आईटी क्षेत्र है। इस क्षेत्र में आईटी उन हजारों, लाखों कंप्यूटरों का स्थान ले लेगा जो दुनिया भर में एक जैसा काम करते हैं। यह इसका नकारात्मक पक्ष कहा जा सकता है क्योंकि इसके प्रभाव से ही दुनिया की दिग्गज आईटी कंपनियों तथा एमेजन व फ्लिपकार्ट जैसी ई-कामर्स कंपनियों में दसियों हजार कर्मचारियों की छंटनी हो गई है। आने वाले समय में एआई के विस्तार से भारत समेत दुनिया भर में लाखों नौकरियों पर खतरा मंडरा रहा है। वास्तव में एआई दुनिया भर में इंटरनेट पर उपलब्ध सारे ज्ञान-विज्ञान और जानकारियों का प्रयोग कर अपने नतीजे निकालता है और उनको बहुत तेजी से उपभोक्ताओं को देता है। इससे लोगों के सोचने-समझने का तरीका बदलता है और इतिहास, दर्शन, समाजशास्त्र व राजनीति के बारे में अतीत की अवधारणाओं को गहरा धक्का लग सकता है।

# हिंदू-मुसलमान नहीं, भारतीयों की विविधता देखो!

दोनों नेताओं का अपने-अपने समाज को लेकर वर्गीकरण गलत है। सच यह है कि देश में मुट्ठीभर लोगों को अपवाद मानकर छोड़ दें तो आज भी अधिकांश लोग खुद को भारतीय मानकर अपनी कॉमन समस्याओं से जूझ रहे हैं। खुद को एक सा मानते हैं। मिसाल के तौर पर क्या हिंदू, क्या मुसलमान और क्या किसी और मज़हब के लोग सब आर्थिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य और पारिवारिक समस्याओं से परेशान हैं। सबको रोज़गार चाहिये, सबको शिक्षा चाहिये, सबको महंगाई से छुटकारा चाहिये। सबको बढ़ते अपराध और घटते न्याय से बराबर चिंता सताती है। भारत के अधिकांश लोग आज भी धर्मनिर्पेक्ष, उदार सहिष्णु, आपसी प्रेमभाव, भाईचारा, एकता और सौहार्द से रहना चाहते हैं। इस तरह के दावों से कुछ लोगों को यह गलतफहमी हो जाती है कि शायद हिंदू-मुसलमान वैसे ही होते होंगे, जैसा ये साम्प्रदायिक नेता दावा करते हैं।



**▶▶इक़बाल हिन्दुस्तानी**

एआईएमआईएम की मध्यप्रदेश यूनिट के सचिव तौक़ीर निज़ामी ने मुसलमानों के बारे में एक विवादित बयान दिया है। उनका दावा है कि सियासी मुसलमान तीन तरह का माना जाता है। उनका कहना है कि कांग्रेस में जूता चाटने यानी गुलामी करने वाला, भाजपा में जूते खाने वाला और एमआईएम में जूते मारने वाला मुसलमान मिलेगा। हालांकि बयान का विरोध बढ़ने पर निज़ामी ने सफ़ाई दी कि उनका मक़सद किसी को ठेस पहुंचाना नहीं, बल्कि मुसलमानों को राजनीतिक गुलामी से बाहर निकालना था। इससे पहले संघ प्रमुख मोहन भागवत कह चुके हैं कि हिंदू चार तरह के होते हैं। पहला- जो कहते हैं गर्व से कहो हम हिंदू हैं। दूसरे कहते हैं गर्व की क्या बात है? तीसरे कहते हैं धीरे बोलो हिंदू हैं। चौथे वे जो भूल गये वो हिंदू हैं। दोनों नेताओं का अपने-अपने समाज को लेकर वर्गीकरण गलत है। सच यह है कि देश में मुट्ठीभर लोगों को अपवाद मानकर छोड़ दें तो आज भी अधिकांश लोग खुद को भारतीय मानकर अपनी कॉमन समस्याओं से जूझ रहे हैं। खुद को एक सा मानते हैं। मिसाल के तौर पर क्या हिंदू, क्या मुसलमान और क्या किसी और मज़हब के लोग सब आर्थिक, शैक्षिक, स्वास्थ्य और पारिवारिक समस्याओं से परेशान हैं। सबको रोज़गार चाहिये, सबको शिक्षा चाहिये। सबको महंगाई से छुटकारा चाहिये। सबको बढ़ते अपराध और घटते न्याय से बराबर चिंता सताती है। भारत के अधिकांश लोग आज भी धर्मनिर्पेक्ष उदार सहिष्णु आपसी प्रेमभाव, भाईचारा, एकता और सौहार्द से रहना चाहते हैं। इस तरह के दावों से कुछ लोगों को यह गलतफहमी हो जाती है कि शायद हिंदू-मुसलमान वैसे ही होते होंगे, जैसा ये साम्प्रदायिक नेता दावा करते हैं। वास्तविकता यह है कि जिस बीजेपी को संघ नियंत्रित करता है। उसको अपने आज के सबसे लोकप्रिय राजनीतिक जीवन में भी केवल 37 प्रतिशत वोट ही मिलते हैं। यानी 63 प्रतिशत लोग उनको पसंद ही नहीं करते। साथ ही यहां यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इन 37 प्रतिशत में भी केवल 5 से 10 प्रतिशत हिंदू ऐसे होंगे, जिनकी सोच संघ के मुस्लिम विरोध पूर्वाग्रह और घृणा से मिलती होगी अन्यथा इनमें से भी बड़ी संख्या उन हिंदुओं की है, जो कांग्रेस या अन्य सेकुलर दलों के विकल्प के तौर पर भाजपा को वोट देते हैं और बीजेपी की साम्प्रदायिक व नफ़रती नीतियों को किसी कीमत पर स्वीकार करने को तैयार नहीं हैं। बीजेपी के साथ दस प्रतिशत का एक नया वर्ग लाभार्थी का भी जुड़ा है, जिसको अपनी सुविधाओं, योजनाओं और भले से मतलब है।

अधिकांश सवर्ण जातियां अपने सामाजिक वर्चस्व, आर्थिक लाभ और राजनीतिक श्रेष्ठता बनाये रखने के लिये बीजेपी के साथ हैं, उनका धर्म साम्प्रदायिकता और मुस्लिम विरोध से कोई खास लेना-देना नहीं है। जहां तक मुसलमानों का सवाल है, उनमें भी अधिकांश सेकुलर दलों के साथ रहे हैं और आज भी हैं। इनका पूरा भरोसा आज भी संविधान में है। उनका मानना है कि हिंदू-मुसलमान मिलकर ही देश का भला कर सकते हैं। बेशक मुसलमानों में भी हिंदुओं की तरह एक छोटा वर्ग साम्प्रदायिक सोच का है, जो अधिकांश उच्च जातियों का है। इनमें से ही अधिकांश अब बीजेपी की बी टीम एमआईएम के साथ जुड़ते जा रहे हैं। लेकिन इनको यह पता नहीं है ये जितने औवेसी के साथ जुड़ते जायेंगे, उतने ही सेकुलर हिंदू सेकुलर दलों को छोड़कर बीजेपी के साथ जुड़ते जायेंगे। मुसलमानों का एक तीसरा नादान, नासमझ, जाहिल या कम पढ़ा-लिखा गरीब, कमज़ोर, पिछड़ी सोच का और मासूम तबका भी है, जो फिरकापरस्त तंगनज़र और कट्टरतावादी सोच से ग्रस्त होकर चालाक मक्कार और शातिर अलगाववादी सोच के मुस्लिम नेताओं के झांसे में आकर बहक जाता है और उनको वोट व सपोर्ट देकर अपना ही नुकसान करता है। हमारा तो मानना है कि हिंदू हो या मुसलमान आज नहीं तो कल यह बात समझेगा और एक साथ एक मंच पर आयेगा और ऐसे नेताओं, पार्टियों या संगठनों को सपोर्ट करेगा जो उसको धर्म के आधार पर नहीं भारतीय के आधार पर एक नागरिक के आधार पर और एक इंसान के तौर पर देखेंगे मानेंगे और उसकी भलाई के लिये सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय के आधार पर बिना किसी पक्षपात, भेदभाव और धर्म जाति के अंतर को देखे सबके कल्याण का काम करेंगे। शायर कहता है- रहनुमाओं की अदाओं पर फ़िदा है दुनिया, इस बहकती हुई दुनिया को संभालो यारो।



(नोट- लेखक नवभारत टाइम्स डॉटकाम के ब्लॉगर एवं पब्लिक ऑब्ज़र्वर अख़बार के चीफ एडिटर हैं।)

# मनुष्य तमोगुणों वाली वृति से स्वयं को दूर रखे

प्रत्येक मनुष्य को स्वयं को अत्यन्त ही सौभाग्यशाली समझना चाहिए कि ईश्वर ने उसे मानव के रूप में जीवन दिया है। इस संबंध में कहा गया है- 'बड़े भाग्य मानुष तन पावा/सुर दुर्लभ सद् ग्रंथन गावा।' चूंकि मानव जीवन को सभी जीवों से श्रेष्ठ माना गया है, इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह अपने जीवन को मिथ्या लोक दिखावा, आडम्बर, उन्माद, छल, प्रपंच, दुष्टाचार और नकारात्मक कार्यों में नष्ट न करे। इस ब्रह्मांड में पृथ्वी जैसे और भी अनेक ग्रह हैं, लेकिन पृथ्वी लोक को ही सिर्फ एक पड़ाव माना जाता है। जहां पर उसे अपने वर्तमान एवं भविष्य को सुखद बनाने के लिए अच्छे कर्म करने आवश्यक हैं। मनुष्य स्वयं में एक अपार बुद्धिजीवी है। उसका कर्तव्य है कि वह अपनी बुद्धि व ज्ञान के माध्यम से संसार में मौजूद अज्ञानता को दूर करे।

यह मनुष्य के स्वयं पर निर्भर है कि वह जीवन में कैसे कर्म करता है। उसे चाहिए कि वह विषय-विकार रूपी चंचल हिरणी से स्वयं को दूर रखे तथा मन पर अपना नियंत्रण रखते हुए समदृष्टि भाव से मानवता युक्त कार्य करे। पारब्रह्म का नाम का पावन स्मरण करे ताकि पारब्रह्म के लोक का द्वार उसके लिए खुल सके। यह भी निश्चित है कि जब तक मनुष्य ज्ञान-विज्ञान से विपरीत कार्य करता रहेगा, तब तक वह ब्रह्म उपासना से वंचित ही रहेगा। मनुष्य को यह जान लेना चाहिए कि समस्त ब्रह्माण्ड को चलाने वाली शक्ति उसके आस-पास ही है। इसलिए मनुष्य को चाहिए कि वह भ्रम वश उत्पन्न आपसी सघर्षों में उलझ कर मन की पवित्रता तथा स्वयं के अस्तित्व को धूमिल होने से बचाये। तमोगुण वाली वृत्ति का त्याग करके आध्यात्मिकता के साथ ही तत्व ज्ञान प्राप्त करे। 'पढ़-सुनकर पोथा-पोथी मानव तू मानव न बन सका, बातें करता धर्म-कर्म की स्वयं मूल तत्व न समझ सका।'



**▶▶हरिओम विश्नोई**

गुरुद्वारा रोड, नई बस्ती, बिजनौर

# डीएम ने ग्राम गिलाड़ी में सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

## विकास कार्यों व योजनाओं का सत्यापन भी किया



**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में शुक्रवार को 'गांव की समस्या गांव में समाधान' के तहत विकास खंड नहटौर की ग्राम पंचायत शाहकरमपुर गिलाड़ी में चौपाल कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामवासियों की समस्याओं को सुना और उपस्थित अधिकारियों के माध्यम से समाधान भी कराया।

जिलाधिकारी निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम को जल्द से जल्द पूर्ण करने व नवनिर्मित पानी की टंकी को सुचारु कर ग्रामवासियों को कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा जर्जर बिजली के तारों को सही कराने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने खंड विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि ग्रामवासियों की सुविधा के लिए गांव में बारातघर बनाने के लिए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें और यथासंभव उसको जल्द निर्मित कराएं। विकास कार्यों के सत्यापन के दौरान गांव में आंगनबाड़ी केंद्र, प्राथमिक विद्यालय, सीसी रोड निर्माण सहित अन्य विकास कार्य मानक के अनुरुप सही एवं पूर्ण पाए गए। इसी प्रकार वृद्धावस्था, दिव्यांगजन एवं निराश्रित महिला पेंशन के लाभार्थियों द्वारा नियमित रूप से पेंशन मिलना बताया गया। गांव में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत लाभार्थियों को राशन का वितरण होना भी सही पाया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि 70 वर्ष से ज्यादा की आयु वाले प्रत्येक व्यक्ति एवं अंत्योदय कार्ड धारकों के शत-प्रतिशत रूप से आयुष्मान कार्ड बनाना सुनिश्चित करें तथा गांव में विधवा, दिव्यांग तथा निराश्रित पेंशन के पात्र लाभार्थियों का चयन कर उन्हें भी शत-प्रतिशत रूप से शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।




सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की दिली मुबारकबाद

**विवेक सेन**



सदस्य जिला पंचायत, जिला योजना समिति, बिजनौर
मुरादाबाद मण्डल महासचिव आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संस्थापक सदस्य- आजाद समाज पार्टी कांशीराम
संभावित प्रत्याशी धामपुर विधानसभा- 20

तीसरा रोज़ा : शनिवार, 21 फरवरी 2026
इफ़्तार सुन्नी- 6:14, शिया 6:25
चौथा रोजा : रविवार, 22 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:25, शिया-5:18


# एआरटीओ कार्यालय में लगा परिवहन मेला

## वाहन स्वामियों को दी गई एकमुश्त कर व्यवस्था की जानकारी

**बिजनौर (चिंगारी)।** परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के आदेश के अनुपालन में उपसम्भागीय परिवहन कार्यालय परिसर, बिजनौर में शुक्रवार को परिवहन मेला आयोजित किया गया। यह मेला प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक चला, जिसमें बड़ी संख्या में वाहन स्वामियों एवं आम नागरिकों ने भाग लिया।



मेले में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) श्री शिव शंकर सिंह द्वारा दो पहिया वाहन, तिपहिया मोटर कैब, ई-रिक्शा, मोटर कैब, मैक्सी कैब, हल्के भार वाहन (7500 किलोग्राम तक) तथा विशेष प्रयोजन यानों पर लागू एकमुश्त कर (OT) व्यवस्था के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि शासन की अधिसूचना के अनुसार वाहन के मूल्य के आधार पर कर निर्धारण किया जाता है तथा कर गणना, भुगतान की विधि एवं समय-सीमा के बारे में वाहन स्वामियों को जागरूक किया गया। मेले में लगभग 250 वाहन स्वामियों एवं जनसामान्य ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को एकमुश्त कर जमा करने से होने वाले लाभों की जानकारी भी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस व्यवस्था से वाहन स्वामियों को बार-बार कर जमा करने की परेशानी से राहत मिलती है।

# पतंग लूटने के चक्कर में बालक छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय एक मोहल्ले में शुक्रवार शाम करीब 5 बजे पतंग लूटने के दौरान 12 वर्षीय मासूम छत से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बच्चे को समय रहते जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए उसे मेरठ रैफर कर दिया गया।

गौरव (11 वर्ष) पुत्र काली, निवासी मुहल्ला रामबाग पतंग लूटने के लिए एक मकान की छत पर चढ़ गया था। बताया जाता है कि मकान पर सीढ़ी लगी हुई थी,। वह सीढ़ी पर चढ़कर पतंग पकड़ने की कोशिश कर रहा था। इसी दौरान उसका संतुलन बिगड़ गया और वह नीचे सड़क पर गिर गया, जिससे उसके सिर और शरीर में गंभीर चोटें आईं। अधिक खून बहने से हालत नाजुक हो गई।

उसी समय वहां से गुजर रहे समाजसेवी मोहम्मद मोनिस उर्फ चूनी ने बच्चे को सड़क पर घायल अवस्था में देखा और बिना देर किये उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद बताया कि बच्चे को सही समय पर अस्पताल लाया गया, जिससे उसकी जान बचाने में बड़ी मदद मिली। हालांकि हालत गंभीर होने के कारण उसे मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया।

# सड़क हादसे की मजिस्ट्रीयल जांच

**बिजनौर (चिंगारी)।** उपजिला मजिस्ट्रेट चान्दपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि 13 सितंबर 2025 को समय 12 बजे बिजनौर डिपो की बस संख्या यूपी 20 टी 4113 से ग्राम खजूरी थाना नूरपुर के पास मोटरसाइकिल सवार रोहन पुत्र मुकेश निवासी ग्राम पिलखाना थाना हीमपुर दीपा एवं वीर सिंह पुत्र रामचन्द्र निवासी ग्राम खासपुरा की मृत्यु हो गयी। साजन पुत्र उमेश एवं दीपक सैनी पुत्र हरि सिंह घायल हो गया। उक्त जांच के सम्बन्ध में यदि जनता के किसी भी व्यक्ति अथवा पुलिस पक्ष को कोई लिखित अथवा मौखिक साक्ष्य प्रस्तुत करना हो तो वह 15 मार्च से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक उनके तहसील परिसर चान्दपुर स्थित कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है।

# इंप्रेसिबल माइंडसेट की वजह से साइबर क्राइम का शिकार होते हैं युवा- मिश्रा

## रासेयो शिविर का समापन समारोह

**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम एवं द्वितीय इकाई द्वारा आयोजित किये जा रहे सात-दिवसीय विशेष शिविर - कौशल विकास हेतु युवा के आखिरी दिन समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि के रूप में चंदन मिश्रा, चीफ मैनेजर, एसबीआई बिजनौर पधारे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष मुख्य अतिथि सर्वश्री चंदन मिश्रा, कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सुनील अग्रवाल, डॉ. नीलम गुप्ता, डॉ. राजीव अग्रवाल एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेघना अरोड़ा ने द्वीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। महिमा कुमारी एवं प्रीति ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि चंदन मिश्रा ने शिविर के मुख्य थीम के संदर्भ में- एंटरप्रेन्योरशिप एंड फ़ाइननेशियल लिटरेसी शीर्षक पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने बताया कि एंटरप्रेन्योरशिप जोखिम भरा ज़रूर होता है, परंतु अंत उसका लाभकारी होता है। उन्होंने यह कहा कि आज के युवा इंप्रेसिबल माइंडसेट की वजह से साइबर क्राइम के शिकार हो जाते हैं। स्वयंसेविकाओं ने कौशल विकास पर एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। स्वयंसेविका काजल लाहौरी ने-मैं लड़की हूं शीर्षक पर एक कविता प्रस्तुत की। स्वयंसेविका सुदीक्षा एवं काजल ने विशेष शिविर के अपने अनुभव साझा किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मेघना अरोड़ा ने सात दिवसीय विशेष शिविर की रिपोर्ट प्रस्तुत की। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय भाषण में सभी स्वयंसेविकाओं का उत्साहवर्धन किया। मंच का सफल संचालन श्रुति खन्ना एवं अनन्या रस्तौगी ने किया।



# हिन्दी को सबसे बड़ा ख़तरा 'अंग्रेजियत' से

## सौ.बा.दा. महाविद्यालय धामपुर द्वारा अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन



संगोष्ठी के अवसर पर शोध पत्रिका समागम का विमोचन करते हुए अतिथिगण।


कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए अतिथिगण।

**धामपुर ( चिंगारी )।** एस.बी.डी. महाविद्यालय में आईसीएसएसआर दिल्ली द्वारा अनुदानित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ मुख्य अतिथि चिंगारी सूर्यमणि रघुवंशी, डॉ. बेसिल नौगॉड वितान, डॉ. देवेन्द्र नाथ सिंह, सुरेशचन्द्र शुक्ल, प्रो. सुशील उपाध्याय, प्रबंधक श्रीमती रेनू गोयल, प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान, संयोजक डा. अल्पना सिंह द्वारा किया गया। हरिद्वार से पधारे प्रो. सुशील उपाध्याय ने हिन्दी की वैश्विक स्थिति तथा भाषाओं के विविध स्वरूपों पर विस्तार से प्रकाश डाला। विशिष्ट वक्ता डा. ब्रेसिल नॉगाड वितान ने विदेशो में हिन्दी के प्रचार-प्रसार का कारण भारतीय संस्कृति, योगा, भारतीय फिल्में, संगीत आदि को बताया। कहा कि आज श्रीलंका जैसे देशो में हिन्दी संगीत तथा फिल्मी संवाद के माध्यम से हिन्दी शिक्षण का कार्य प्रगति पर है। नार्वे से पधारे मुख्य वक्ता, स्पाइल दर्पण के सम्पादक सुरेश चंद शुक्ल ने अपने सम्बोधन में कहा कि आज हमें जिस क्षेत्र में जहां अवसर मिले वहां से सीखने का प्रयास करना चाहिए। भाषा का ज्ञान लेते रहना चाहिए। बीज वक्ता प्रो. देवेन्द्र नाथ सिंह ने बताया कि हिन्दी के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती विभिन्न विषयों का अंग्रेजी में भाषा का अध्ययन अध्यापन है।

मुख्य अतिथि पत्रकार सूर्यमणि रघुवंशी ने कहा कि हिन्दी में वैश्विक स्तर पर जितनी संभावनाएं है, उतनी ही चुनौतियां भी है, और जितनी चुनौतियां हैं और उतनी ही संभावनाएं भी है। उन्होंने कहा कि हिन्दी को सबसे ज्यादा खतरा अंग्रेजियत से है। कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. अल्पना सिंह ने बताया कि महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय स्तर पर हिन्दी भाषा की निरंतर कमी होती जा रही है जो कि विचारणीय बिन्दु है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्रबन्धक श्रीमती रेनू गोयल ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि आज हमें अत्यन्त आवश्यकता है अपनी मातृ भाषा हिन्दी के प्रति जागरूकता एवं समपर्ण भाव की। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा पुस्तक समागम शोध पत्रिका का लोकार्पण किया गया। अंत में महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम चौहान द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में डॉ. शंकर लाल शर्मा, दीपेन्द्र चौहान, मुकेश कुमार वर्धमान कालेज बिजनौर, दीप सौरभ, रवि चौधरी, संतोष राजपूत, डॉ. एन.पी. सिंह, भूपेन्द्र सिंह, विरेन्द्र सिंह, सतमीत सिंह, सुनील अग्रवाल, उपमंत्री अजय माहेश्वरी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## वाहन की चपेट में आकर युवक की मौत



**धामपुर ( चिंगारी )।** नेशनल हाईवे 74 नगीना-धामपुर मार्ग पर परीक्षा देने जा रहे एक बाइक सवार की अज्ञात वाहन की टक्कर से दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर मृतक के परिजनों को फोन द्वारा सूचना दी। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन कोतवाली पहुंचे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवांकर भारती पुत्र सुरेंद्र कुमार (23वर्ष) मोहल्ला अंबेडकर नगीना बाइक से मुरादाबाद के एक कॉलेज में नावार्ड का पेपर देने के लिए जा रहा था। जैसे ही शिवांकर की बाइक नेशनल हाईवे 74 धामपुर-नगीना मार्ग स्थित ग्राम सजानी के पास पहुंची, तो पीछे से आ रहे एक वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। शिवांकर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।







## प्रतियोगिता में विजयी छात्र-छात्राओं को कराया धामपुर शुगर मिल का भ्रमण



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र के सभी 54 जूनियर हाई स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने पिछले दिनों राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत संपन्न हुई प्रतियोगिता में भाग लिया था। सभी विद्यालयों के सो छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त किये। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से सभी विजेताओं को सरकारी खर्चे पर शैक्षिक भ्रमण के लिए भेजा गया है। खंड शिक्षा अधिकारी मुन्ना, लाल त्रिवेदी ने बताया कि, छात्र-छात्रा पहले धामपुर चीनी मिल में मिल हाउस का भ्रमण कराया। अब वे हरेवली में रामगंगा बैराज का भ्रमण कर ज्ञान हासिल करेंगे। निदेशालय के आदेश पर बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत गणित विज्ञान के छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन के लिए पिछले दिनों संपन्न हुई प्रतियोगिता में अल्हैपुर ब्लॉक के करीब सौ छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में विजय हासिल की थी। इन सभी विजेता छात्र-छात्राओं को बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से शनिवार को धामपुर चीनी मिल और हरेवली के गंगा बैराज ले जाकर शैक्षिक भ्रमण कराया गया। छात्र-छात्राओं में कामिनी, नैना, आरजू, स्वीटी, शहनाज, लव कुमार, वर्षा, रिया, प्रियांशी, मनजीत, अंशिका, विवेक कुमार राणा, शोएब, दिग्विजय सिंह, हर्षित राज, सुहाना, वंशिका, रेहान आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहे। खंड शिक्षा अधिकारी ने बताया कि, इन सभी छात्र-छात्राओं को शैक्षिक भ्रमण के लिए विभाग की ओर से खाने-पीने जलपान आदि की भी व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर देवाशं प्रताप सिंह, अनुराग, सत्यपाल, विवेक बंसल, अक्षय कौशिक, ललित वीर सिंह, अरुण प्रकाश, लक्ष्मण सिंह, मुकेश कुमार शर्मा आदि शामिल रहे। सभी छात्र-छात्राओं को बस द्वारा ले जाया गया। बस को खंड शिक्षा अधिकारी ने बस को हरि झंडी दिखा कर रवाना किया।

# विवेक विश्वविद्यालय में चल रही स्पोर्ट्स लीग के दूसरे दिन एथलीट, वालीबॉल, कबड्डी, खो-खो में छात्रों ने दिखाया दमखम

**बिजनौर (चिंगारी)।** विवेक विश्व विद्यालय, बिजनौर में विवेक स्पोर्ट्स लीग के दूसरे दिन फ्लैग सेरेमनी की गई, जिसमें विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल, प्रति कुलपति इं. दीपक मित्तल, कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र अग्रवाल, कुलपति प्रो. एन.के. गुप्ता, निदेशक अनिल शर्मा एवं एडवोकेट सहज गोयल, खेल संयोजक प्रो. संजय कुमार त्यागी, खेल अधिकारी डा. मुकुल कुमार सभी डीन्स ने सभी स्पोर्ट्स हाऊस के कैप्टेन, मैनेजर्स और कोच से परिचय प्राप्त किया और उत्कृष्ट खेल भावना प्रदर्शित करने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।



लीग के दूसरे दिन एथेलीटिक्स तथा फील्ड एण्ड ट्रैक्स की प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुईं। इसके साथ ही कबड्डी, वालीबॉल, खो-खो के सेमीफाइनल खेले गए।

100 मीटर दौड़ में माही शर्मा ने प्रथम, बलदीप कौर ने द्वितीय व स्वीटी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालक वर्ग में नूर अहमद ने बाजी मारी, जबकि दानिश ने द्वितीय व यश कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

200 मीटर बालिका वर्ग में जिया ने प्रथम, गुंजन राठी ने द्वितीय व गरिमा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालक वर्ग में कार्तिक राणा ने प्रथम अबुबकर ने द्वितीय व निखिल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

400 मीटर बालिका वर्ग में अदिति राजपूत प्रथम, गीतांशु ने द्वितीय व मनीषा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर बालक वर्ग में सनी ने प्रथम कामेन्द्र ने द्वितीय व तारूज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

लम्बी कूद बालिका वर्ग में 3.10 मीटर कूद के साथ साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि बिपाशा और शहजादी ने क्रमशः द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। बालक वर्ग में 5.10 मीटर कूद के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, दूसरा स्थान विशु अडवाल तथा तीसरा स्थान शिवम शर्मा का रहा।

गोला फेंक प्रतियोगिता में 11.20 मीटर गोला फेंककर दीक्षिका ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि विशाखा एवं महक क्रमशः दूसरे व तीसरे स्थान पर रही। गोला फेंक बालक वर्ग में 9.50 मीटर की दूरी के साथ मयंक राठी पहले स्थान पर रहा, जबकि आदिल व जायगाम दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

डिसकस थ्रो प्रतियोगिता में पलक तथा मनदीप सिंह ने अपने वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। पलक ने 11.90 मीटर तथा मनदीप सिंह ने 22.55 मीटर की दूरी तक चक्का फेंककर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
(उत्तर प्रदेश सरकार)
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

तीसरा रोजा : शनिवार, 21 फरवरी 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:14, शिया 6:25
चौथा रोजा : रविवार, 22 फरवरी 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:25, शिया-5:18

# आसिफ डेढ़ माह से चल रहा था फ़रार कोर्ट में सरेंडर किया आख़िरकार

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** बीते डेढ़ माह से फरार चल रहे एससी/एसटी एक्ट सहित कई संगीन धाराओं के वांछित अभियुक्त सीरवासुचंद निवासी मौ. आसिफ ने थक हारकर आखिरकार गुरुवार को कोर्ट में खुद को सरेंडर कर दिया, जिसके बाद कोर्ट ने उसे जेल भेज दिया है। 2 जनवरी को कोतवाली अफ़जलगढ़ क्षेत्र के ग्राम सीरवासुचंद निवासी कमल कुमार ने थाना अफ़जलगढ़ में अपने भाई भोलू कुमार व उसके साथी ऋतिक पुत्र सुंदर सिंह के साथ गाली गलौच, मारपीट व जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए सलमान, अरबाज, लियाकत, नईम, मौ. आसिफ व 10-15 अज्ञात के विरुद्ध एवं एससी-एसटी एक्ट की धारा 3(2)(1) के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। इस मुकदमे की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी अफजलगढ़ द्वारा की जा रही है। पुलिस ने सलमान, अरबाज व लियाकत पुत्रगण असलम निवासी ग्राम सीरवासुचंद व नईम पुत्र नसीम निवासी गढ़ी बस स्टैंड को तभी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि मौ. आसिफ पुत्र मौ. यूसुफ निवासी ग्राम सीरवासुचंद तभी से पुलिस को चकमा देते हुए फरार चल रहा था। आखिरकार उसने गुरुवार को स्पेशल एससी/एसटी कोर्ट बिजनौर में खुद को सरेंडर कर दिया है। मौ. आसिफ द्वारा कोर्ट में सरेंडर किए जाने की पुष्टि पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सिंह ने की है।



# बरकत और सब्र का संदेश लेकर आया रमज़ान- मुफ़्ती आदिल

**सहसपुर (चिंगारी)।** 2026 का रमज़ान शुरू हो चुका है। मुफ़्ती आदिल कासमी ने बताया कि रमज़ान का पवित्र महीना प्यार, बरकत और सब्र का संदेश लेकर आता है। इस महीने में मुसलमान भूखे-प्यासे रहकर अपने खुदा के हुक्म पर रोज़ा रखते हैं, ज़रूरतमंदों की मदद करते हैं और कुरान पढ़ते हैं, जिससे रूहानी सुकून और नेकियां मिलती हैं। मुफ़्ती आदिल कासमी ने बताया कि रमज़ान का महीना इसलिए भी खास है कि इसमें सवाब 70 गुना हो जाता है। मुफ़्ती साहब ने बताया कि रमज़ान न केवल शारीरिक उपवास है, बल्कि ये बुराइयों, गुस्से और अनैतिक कार्यों से दूर रहकर आत्म नियंत्रण सीखने का समय है। ये माना जाता है कि इस महीने में अल्लाह की रहमत बरसती है और की गई इबादत का सवाब 70 गुना बढ़ जाता है। इस महीने में ज़कात 2.5 दान और सदका ए फितर के ज़रिए गरीबों और ज़रूरत मंदों की मदद की जाती है जो सामाजिक समानता और भाईचारे को बढ़ावा देता है। मुफ़्ती आदिल कासमी ने कहा कि ये महीना हमें याद दिलाता है जैसे हम इस महीने इबादत और अल्लाह की रज़ा के लिए दान और सवाब और नेकियों के कार्य करते हैं, एक-दूसरे की मदद करते हैं, इसी तरह पूरे साल एक-दूसरे की मदद करें और अपनी ज़िंदगी में नमाज़ को बढ़ावा दें। मुफ़्ती साहब ने कहा कि रोज़ा रखने से हमें दूसरों की भूख का अहसास होता है। उन्होंने कहा कि रमज़ान अपना ही दस्तरखान सजाने का नहीं, बल्कि दूसरे के दस्तरखान को भरने का महीना है।



# तमंचे के साथ पकड़ा



**नूरपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने गश्त के दौरान संदिग्ध युवक को दबोच लिया। थाना क्षेत्र की चौकी राजा का ताजपुर के इंचार्ज उपनिरीक्षक राजवीर सिंह पुलिसकर्मियों के साथ बृहस्पतिवार की शाम गश्त पर थे, गश्त के दौरान जब वह रवाना तिराहे के पास पहुंचे तो वहां एक संदिग्ध रूप से घूम रहे युवक को पकड़ लिया। पुलिस को तलाशी के दौरान युवक के पास से 315 बोर का तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में आरोपी की पहचान थाना स्योहारा के गांव जागीर निवासी राकेश कुमार के रूप में हुई। पुलिस ने संबंधित धाराओं में आरोपी का चालान कर दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया ने युवक के चालान की पुष्टि की है।

# रासेयो के सात दिवसीय शिविर का समापन




**बिजनौर (चिंगारी)।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर की राष्ट्रीय सेवा योजना की तृतीय एवं चतुर्थ इकाई के सात-दिवसीय विशेष शिविर के सप्तम व अंतिम दिवस का आयोजन संत रविदास मंदिर के प्रांगण में किया गया। समापन दिवस के मुख्य अतिथि कृष्णा कॉलेज के डायरेक्टर व वर्धमान कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. एस.सी. जैन तथा मलिन बस्ती की सभासद रहे। मुख्य अतिथि एनएसएस डॉ. एस.सी. जैन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुहम्मद साबिर एवं डॉ. अनूप कुमार गुप्ता ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित किए। सरस्वती वंदना स्वयंसेविका दीपाशा ने प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डा. एस.सी. जैन ने विद्यार्थियों को विद्यार्थी के जीवन में अनुशासन का महत्व बताया तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन स्वयंसेवक नीतीश कुमार ने किया गया। अतिथियों का परिचय उत्कर्ष राठी ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन आयुष कुमार ने किया।

# मुकद्दस रमज़ान के पहले जुमे को बाज़ार में खरीदारों का हुजूम उमड़ा



**किरतपुर ( चिंगारी )।** मुकद्दस रमजान के पहले जुमे को नगर में अकीदतमंदों का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मस्जिदों की ओर नमाजियों का रुख शुरू हो गया और जुमे की नमाज के समय लगभग सभी प्रमुख मस्जिदें भर गईं। नगर की जामा मस्जिद, मरकज मस्जिद, अन्नूर मस्जिद, जामा मस्जिद कोटला, बाग वाली हरी मस्जिद, अंसारियान की एक मीनार मस्जिद तथा कल्लहर वाली मस्जिद समेत अन्य मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरी रहीं। इस मौके पर मस्जिदों में रमजान के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उलेमा-ए-कराम ने रमजान को इबादत, सब्र और तकवा का महीना बताते हुए लोगों से नेक अमल करने की अपील की। साथ ही देश में अमन-चैन, आपसी भाईचारा और बीमारियों से निजात के लिए विशेष दुआएं मांगी गईं। रमजान के पहले जुमे को लेकर बाजारों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। खरीदारों ने जमकर खरीदारी की, जिससे दुकानदारों के चेहरे खिल उठे। बाजार में विदेशी खजूर की खूब बिक्री हुई। खरीदारों की भीड़ के चलते कई बार अंबेडकर तिराहा, मंडावर तिराहा और बस स्टैंड रोड पर जाम की स्थिति भी पैदा हो गई। जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। पूरे नगर के बाजारों में रौनक छाई रही और बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## रमज़ान में ये पांच काम खूब करें

### इमाम मौलाना मो. अजीम साहब ने फरमाया



**पैजानिया ( चिंगारी )।** कल शुक्रवार को गांव पावटी की बड़ी मस्जिद के ईमाम मौलाना मोहम्मद अजीम साहब ने जुमे की तकरीर में बयान फरमाया कि रमज़ान का महीना बहुत नेकियों और बरकतों वाला महीना है। इस महीने में अल्लाह तआला अपनी खास रहमतें और आशीर्वाद नाज़िल करता है। इसलिए मुसलमानों को इस महीने में ज़्यादा से ज़्यादा इबादत करनी चाहिए और दुनियावी चिंताओं से आज़ाद होकर ज़्यादा से ज़्यादा समय इबादत में बिताना चाहिए और खास तौर पर पांच काम खूब करने चाहिए। 1. तहज्जुद, अवाबीन, इशराक और चाश्त जैसी नमाज़ें खूब अदा करें। आम दिनों में ये नमाज़ें नहीं हो पातीं। इस महीने में इन्हें ज़रूर करने की कोशिश करें। 2. कुरान की तिलावत खूब करें। 3. ज़कात के अलावा रमज़ान में खूब दान-पुण्य करें। हदीस में है कि नबी (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) साल भर दरियादिल रहते थे, लेकिन रमज़ान में उनकी दरियादिली बहती हवाओं जैसी थी। जो भी उनके पास आता था, उसे दुआएं देते थे, इसलिए हमें भी रमज़ान में खूब दान-पुण्य करना चाहिए। 3. अल्लाह को खूब याद करें। चलते, बैठते और उठते-बैठते अल्लाह को खूब याद करें। 4. गुनाहों से बचने का सही तरीके से इंतज़ाम करें। अपने कान, आंख, ज़बान वगैरह से कोई गुनाह न करें। 5. इस महीने में अल्लाह की खूब इबादत करें।

## नजीबाबाद की टीम ने किया नगीना ब्लड सेंटर का उद्घाटन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर का विधिवत उद्घाटन रक्तदान महादान टीम नजीबाबाद द्वारा किया गया। नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संचालक अजय सिंह एवं भास्कर सिंह की उपस्थित में क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों एवं रक्तदाताओं ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया। नगीना चैरिटेबल ब्लड सेंटर अब क्षेत्र के मरीजों को सुरक्षित एवं समय पर रक्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्य करेगा। यह केंद्र समाजसेवा व मानवता की भावना को समर्पित रहेगा। इस अवसर पर टीम के प्रमुख हाजी फहीम व उनकी टीम में राहुल कुमार, सलमान खान, जुनैद अंसारी, शारिक खान, कासिम खान, फुरकान खान, अफसर खान, आफताब खान शामिल रहे।



कैप्शन-ब्लड सेंटर का उद्घाटन करते हाजी फहीम अपनी टीम के साथ।

## हत्या आरोपी के घर पर जेसीबी लेकर पहुंची स्योहारा पुलिस

**स्योहारा ( चिंगारी )।** गुरुवार की देर रात्रि मिल के निकट टोकन लेने के लिए हुए विवाद में मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान- निवासी 26 वर्षीय सलमान पुत्र नसरूल्ला की चाकू घोंपकर अजीम पुत्र यासीन ने हत्या कर दी थी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा दिया था, जबकि मृतक के भाई शाह आलम की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ हत्या सहित गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। घटना के बाद एसपी पूर्वी अमित कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में कई पुलिस टीमें आरोपी की गिरफ्तारी में लग गईं थी, शुक्रवार को कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह के नेतृत्व में एक टीम जेसीबी सहित आरोपी अजीम के घर पहुंची। उस समय घर में केवल महिलाएं मौजूद थीं। पुलिस ने अजीम को सुपुर्द करने को कहा और चेतावनी दी कि यदि शीघ्र उसने अपने आपको कानून के हवाले नहीं किया तो पुलिस कानून के दायरे में रहकर हर संभव प्रयास करेगी। कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार ने कहा कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है, कानून के दायरे में रहकर अजीम के गिरफ्तारी के लिए हर तरीका अपनाया जाएगा। पुलिस का यही प्रयास है कि शीघ्र आरोपी की गिरफ्तारी हो।

## साहब बच्चे को पीटने के साथ-साथ मुझसे भी बदसलूकी की- पीड़ित पिता

**स्योहारा ( चिंगारी )।** मौहल्ला जाली वाला मंदिर निवासी गौरव वर्मा पुत्र ने थाना स्योहारा में दी तहरीर देकर आरोप लगाया कि उनका पुत्र कुंज वर्मा ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल में पढ़ता है। 16 फरवरी को स्कूल की एक शिक्षिका ने बेरहमी से पीट दिया। परिजनों के अनुसार बच्चे को चोटें आईं और वह मानसिक रूप से भी बुरी तरह सहम गया है। इतना ही नहीं, जब पिता 19 फरवरी को स्कूल में शिकायत करने पहुंचे तो शिक्षिका ने उनके साथ भी अभद्र व्यवहार करते हुए गाली, गलौज की और दोबारा बच्चे को पीटने की धमकी तक दे डाली। पीड़ित पिता ने पूरे मामले को गंभीर अपराध बताते हुए पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। तहरीर 20 फरवरी को थाना स्योहारा में दी गई है। बताते चलें कि स्कूल हमेशा चचाओं में रहता है। उधर स्कूल प्रबंध तंत्र ने आरोपों को निराधार बताया है।









## राशिफल

विमल जैन
हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**रविवार, 22 फरवरी 2026**

मेष- पराक्रम से कार्यसिद्धि, बकाए धन की प्राप्ति, विशिष्टजनों का सहयोग, पुरातन विवाद का समापन, अध्ययन में अभिरुचि, सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि।

वृषभ- व्यावसायिक पहलू को लेकर चिन्तित, स्वयं का निर्णय हानिकारक, शारीरिक सुख में कमी, वरिष्ठजनों की सलाह अमान्य, वाहन से भय, दुर्घटना भी संभव।

मिथुन- बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता, कठिनाइयों का निराकरण, व्यापार में धन निवेश, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, राजकीय पक्ष से सहयोग, मान-सम्मान में वृद्धि।

कर्क- ग्रहस्थिति भाग्य के पक्ष में, अभिलाषा की पूर्ति का सुयोग, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, नौकरी में पदोन्नति विषयक मसला हल, विवाद का समापन।

सिंह- मनोभिलाषित योजनाएँ कार्यान्वित, स्वाध्याय में रुचि, इच्छित पद की प्राप्ति, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, लाभ का सुअवसर, यात्रा सफल।

कन्या- उन्नति में व्यवधान, अस्थिरता के कारण कार्यों में गतिरोध, आरोग्य सुख में कमी, पुरुषार्थ के प्रति अरुचि, आय की अपेक्षा व्यय, स्वजनों से मतभेद।

तुला- अधूरे कार्य पूर्णता की ओर, अभीष्ट लाभ की दिशा में प्रयास, दाम्पत्य जीवन मधुर, जीवन साथी से सामंजस्य, आपसी सलाह से कामयाबी, सुख के साधन सुलभ।

वृश्चिक- परिस्थितियां सुधार पर, बहुप्रतीक्षित कार्य बनने से प्रसन्नता, परिवार में मंगल आयोजन सम्पादित, वैमनस्यता में कमी का एहसास, यात्रा का सुपरिणाम प्राप्त।

धनु- आर्थिक व्यावसायिक उन्नति, प्रतिश्रम के अनुरूप सफलता, शुभ भावनाओं का उदय, योजना दृष्टिगत, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, सामाजिक कृत्यों से प्रतिष्ठा।

मकर- अशुभ फल प्रभावी, कार्यक्षमता में शिथिलता, किसी बात को लेकर परेशान, सम्बन्धों में तनाव, विचारित योजना अपूर्ण, इच्छित पद की प्राप्ति में अड़चनें।

कुम्भ- अभीष्ट सिद्धि का प्रयास, सहयोगीजन के गतिविधियों से सुकून, मनो-विनोद के सुअवसर, वाद-विवाद की निवृत्ति, मित्रों से गलतफहमी दूर, यात्रा सफल।

मीन- ग्रहयोग बेहतर, जटिल समस्याओं का समाधान, वैवाहिक अड़चनें समाप्त, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, सद्विचारों का उदय, मानसिक शांति।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# संघ कार्य की 'शताब्दी' यात्रा केवल इतिहास नहीं, भविष्य की 'संभावनाओं' की नींव है...

-पदम सिंह



संघ क्या कार्य करता है, वर्षों तक लोग इस प्रश्न को पूछते रहे और आज अधिक आग्रह से पूछ रहे हैं। वर्ष 1925 को विजयादशमी पर अपनी स्थापना से लेकर वर्तमान तक संघ ने जिस मार्ग का अनुसरण किया, भविष्य में इसमें किसी प्रकार का कोई अंतर होने का कारण उपस्थित होने वाला नहीं है। 'कथनी नहीं, अपने व्यवहार से स्वयंसेवकों बंधुओं ने संघ कार्य को समाज के समक्ष प्रस्तुत किया है। वर्तमान वर्ष संघ कार्य का शताब्दी वर्ष है। संघ कार्य के इन सौ वर्ष की यात्रा में संघ का कार्यक्षेत्र अब केवल शाखाओं तक सीमित नहीं रहा, बल्कि विभिन्न सेवा प्रकल्पों के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण, डिजिटल साक्षरता तक हर क्षेत्र में स्वयंसेवक राष्ट्रहित में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। संघ कार्य की सौ वर्षों की यात्रा केवल इतिहास नहीं, भविष्य की संभावनाओं की नींव है।




आज, जब भारत 'विकसित राष्ट्र' बनने की आकांक्षा के साथ 2047 की ओर अग्रसर है, तब हमें एक ऐसे समाज की आवश्यकता है, जो विज्ञान और आध्यात्म, परंपरा और नवाचार, सेवा और समरसता का सुदंर समन्वय स्थापित करके राष्ट्रकार्य के मार्ग पर अग्रसर हो सके। प्रत्येक नागरिक में समाज के सहयोग से, सामाजिक प्रेरणा जगाकर, सामूहिक रूप से भारत माता की सेवा करने के भावों का जागरण हो, इसके लिए पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन जी भागवत ने 'पंच परिवर्तन' का आव्हान किया था। यह पंच परिवर्तन 'सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व-आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य' के रूप में भविष्य में परमवैभव सम्पन्न भारत का निर्माण करेंगे। समाज परिवर्तन के यह पांच बिन्दु राष्ट्र के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा हैं। हमें यह भी ध्यान रखने की आवश्यकता है कि परिवर्तन केवल नारे या योजनाओं के नहीं, बल्कि व्यक्तिगत आचरण और सामूहिक प्रयास से आता है और इसलिए समाज परिवर्तन के यह पांच बिन्दु आने वाले दिनों में व्यक्तिगत आचरण और सामूहिक प्रयास का जीवंत उदाहरण बनने वाले हैं।

समाज में अच्छे विचार जाएं, समाज में नवचेतना आए, समाज में राष्ट्रभाव को लेकर नवाचार हो, इसलिए पंच परिवर्तन वर्तमान में प्रासंगित है। समाज परिवर्तन के पांचों विषय सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्व-आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य' यह कोई नये विषय नहीं हैं। संघ की स्थापना के समय ही पूजनीय डॉ. हेडगेवार जी ने कहा था कि सभी स्वयंसेवक एकरस रहेंगे, सामूहिक सोचेंगे, कदम से कदम मिलाकर चलेंगे और समाज में भारतीयता का नवजागरण करेंगे। जो अच्छा है, उसको अपनाएंगे, उस अच्छाई के बिन्दु को अपने सामने रखेंगे। किसी ना किसी को आदर्श मानेंगे। इस पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाने का कार्य हम सभी को मिलकर करना है। भाषा, भूषा, भोजन, भजन, भवन और भ्रमण से लेकर जीवन में हर क्षेत्र में नागरिकों में 'स्व' का बोध कराना है। स्वदेशी लोक जीवन में आचरण के रूप में उभरकर आए। अपने आचरण में जाति, वर्ग, क्षेत्र के भेद मिटाकर सबको एक परिवार मानने की दृष्टि करके सामाजिक समरसता को दैनिक व्यवहार में उतारना है। परिवार ही समाज की आधारभूत इकाई है, यह मानकर परिवार में संस्कार और गुण संचय का भाव भरके 'कुटुम्ब' प्रणाली को विकसित करना है। पर्यावरण संरक्षण का नित्य चिंतन करना है और जल, जंगल, जमीन का संरक्षण करना है। नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात कानून की पालना से राष्ट्र को समृद्ध व उन्नत करना है।

आज समाज में प्रबुद्ध वर्ग भी मानता है कि पंच परिवर्तन उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान करने में समर्थ हैं। कभी-कभी पूर्वाग्रहों से प्रेरित होकर संघ कार्य के विषय में कुछ भ्रांतियां सामने आती हैं, उस पर पूजनीय सरसंघचालक डॉ. मोहन जी भागवत ने हाल ही में सभी भ्रमों को दूर करते हुए कहा है 'संघ को बाहर से देखने वालों को उसका ढांचा दिखता है, जो अंदर से जीते हैं उन्हें आत्मचिंतन और सतत संवाद की परंपरा दिखती है। यदि आप संघ के विषय में जानना चाहते हैं, तो शाखा आइए। देखिए कैसे भिन्न भाषाओं, जातियों, वर्गों के लोग, बिना किसी प्रचार, प्रदर्शन, मीडिया प्रबंधन के केवल मातृभूमि के लिए समर्पित भाव से एक साथ कार्य कर रहे हैं। संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले जी ने एक अवसर पर कहा भी है कि बौद्धिक आख्यान को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से बदलना और सामाजिक परिवर्तन के लिए सज्जन शक्ति को संगठित करना संघ के मुख्य कार्यों में शामिल है। इस प्रकार पंच परिवर्तन आज समग्र समाज की आवश्यकता है। व्यवहार में पंच परिवर्तन को समाज की अंतिम इकाई तक लेकर जाना है, इस हेतु सभी नागरिकों को मिलकर प्रयास करने होंगे। आज, जब दुनिया भारत की ओर आशा और विश्वास से देख रही है, तब हम सबकी जिम्मेदारी है कि हम अपने भीतर के श्रेष्ठ को जगाएं, समाज में सकारात्मकता और समरसता का संचार करें।

**(लेखक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पश्चिमी उप्र/उत्तराखंड क्षेत्र के क्षेत्र प्रचार प्रमुख हैं।)**

# मोदी की रैली के जरिये भाजपा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में करेगी शक्ति प्रदर्शन

**मेरठ (चिंगारी)।** वर्ष 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनावों की आहट के बीच मेरठ एक बार फिर राष्ट्रीय राजनीति के केंद्र में है। 22 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित रैली को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिमी उत्तर प्रदेश में निर्णायक संदेश देने के मंच के रूप में देख रही है। दिल्ली-मेरठ नमो भारत रैपिड रेल और मेरठ मेट्रो के उद्घाटन के बाद मुहिउद्दीनपुर में होने वाला यह कार्यक्रम महज औपचारिकता नहीं, बल्कि जाट बहुल क्षेत्र समेत व्यापक मतदाता वर्ग तक सीधा राजनीतिक संकेत पहुंचाने की भाजपा की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार पार्टी इस आयोजन को शक्ति-प्रदर्शन में बदलने की तैयारी में है। विकास, राष्ट्रवाद और संगठनात्मक मजबूती, इन्हीं तीन आधारों पर चुनावी कथा बुनी जा रही है ताकि मेरठ से उठी आवाज पूरे प्रदेश में गूंज सके। मेट्रो और नमो भारत परियोजनाओं को 'डबल



इंजन' सरकार की उपलब्धि के रूप में प्रस्तुत करते हुए उन्हें सुशासन और तेज़ रफ्तार विकास का प्रतीक बताया जा रहा है।

बेहतर कनेक्टिविटी से शिक्षा, उद्योग और रियल एस्टेट क्षेत्र में संभावित उछाल को भी इसी राजनीतिक विमर्श का हिस्सा बनाया गया है, जिससे सामाजिक समीकरणों के बीच विकास का सूत्र प्रमुखता से स्थापित किया जा सके।

रैली को ऐतिहासिक स्वरूप देने के लिए एक लाख से अधिक लोगों की भागीदारी का लक्ष्य रखा गया है।

बूथ और सेक्टर स्तर पर बैठकों का सिलसिला जारी है, जबकि प्रदेश संगठन महामंत्री से लेकर मुख्यमंत्री तक वर्चुअल माध्यम से तैयारियों की लगातार समीक्षा कर रहे हैं, ताकि कोई चूक न रह जाए। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रमुख चुनाव अभियानों की शुरुआत अक्सर मेरठ से ही की है।

5 फरवरी 2014 की 'शंखनाद रैली' से शुरू हुआ यह सिलसिला 2019 और 2024 में भी दोहराया गया।

ऐसे में 22 फरवरी की रैली को उसी राजनीतिक परंपरा की अगली कड़ी माना जा रहा है, जहां विकास परियोजनाओं के उद्घाटन के साथ चुनावी संदेश भी मंच से सशक्त रूप में प्रसारित किया जाएगा।

# अनानास खाने से दूर होता इंफ्लेमेशन



## 15 औषधीय गुण, विटामिन C का खजाना

अनानास दुनिया के सबसे स्वादिष्ट फलों में से एक है। इसके स्वाद के चलते ही 17वीं सदी के मध्य में अनानास को ब्रिटेन की राजशाही में 'फलों का राजा' घोषित किया गया था। इसे फलों का राजा कहने की दूसरी वजह इसके ऊपर क्राउन जैसा आकार है। दुनिया की सबसे प्रतिष्ठित ट्रॉफी 'विंबलडन ट्रॉफी' के सबसे ऊपरी हिस्से को अनानास के आकार में ही ढाला गया है। स्वाद और बनावट के साथ अनानास सेहत के लिए भी फायदेमंद है। इसमें विटामिन C, मैंगनीज और एंजाइम जैसे पोषक तत्व होते हैं। अनानास में मौजूद एंटीऑक्सिडेंट्स और एंजाइम्स इंफ्लेमेशन और कई बीमारियों से बचाते हैं। इसे खाने से इम्यून सिस्टम मजबूत होता है और कैंसर का जोखिम कम होता है।

**अनानास है विटामिन C का खजाना:–** मात्र 100 ग्राम अनानास में हमारी रोजाना जरूरत का लगभग 80 प्रतिशत विटामिन C मिल जाता है। यह हाई न्यूट्रिशन वाला फल है। इसलिए छोटे से टुकड़े में ढेर सारे विटामिन्स और मिनरल्स मिल जाते हैं।

**अनानास की न्यूट्रिशनल वैल्यू:–** अनानास का लगभग 86प्रतिशत हिस्सा पानी होता है। इसमें फाइबर और कार्ब्स पर्याप्त मात्रा में होता है।

**अनानास में होते हैं कमाल के विटामिन और मिनरलः–** अनानास में विटामिन C के अलावा पोटेशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण मिनरल्स भी होते हैं।

**सेहत के लिए बेहद फायदेमंद अनानासः–** अनानास का सबसे कमाल का गुण ये है कि यह एंटीइंफ्लेमेटरी होता है। इसका मतलब है कि यह शरीर में मौजूद सूजन को दूर करता है। इसका एंटी–वायरल गुण वायरस से होने वाले इन्फेक्शन से बचाता है। यह स्किन प्रोटेक्टिव होता है और स्किन की झुर्रियां भी दूर करता है।




# आख़िरकार मिल ही गया स्वर्ग का पता!

## साइंटिस्ट ने ढूंढ लिया रास्ता, धरती से इतने मील दूर है बसा

*आपने कई बार धार्मिक ग्रंथों में पढ़ा होगा कि आप स्वर्ग में कैसे जा सकते हैं। मौत के बाद स्वर्ग जाने के कई उपाय बताए जाते हैं। लेकिन अब एक शख्स ने सच के स्वर्ग को ढूंढने का दावा किया है। एक पूर्व हार्वर्ड फिजिक्स प्रोफेसर ने दावा किया है कि उन्होंने वैज्ञानिक तरीके से स्वर्ग का सटीक स्थान पता लगा लिया है। डॉ. माइकल गुइलन, जिनके पास फिजिक्स, मैथेमेटिक्स और एस्ट्रोनॉमी में पीएचडी हैं और उन्होंने हार्वर्ड में फिजिक्स पढ़ाया है, ने फॉक्स न्यूज में एक ओपिनियन पीस लिखकर यह बात कही है।*




**किया सनसनीखेज दावा:–** उनका दावा है कि स्वर्ग कॉस्मिक होराइजन पर स्थित है, यानी यूनिवर्स की वह सीमा जहां से हमारी पहुंच खत्म हो जाती है। डॉ. गुइलन ने एडविन हबल की 1929 की खोज का हवाला दिया, जिसमें पता चला कि यूनिवर्स फैल रही है और जितनी दूर की गैलेक्सी, उतनी तेजी से वह हमसे दूर जा रही है। आइंस्टीन की स्पेशल और जनरल रिलेटिविटी थ्योरी के अनुसार, लाइट स्पीड (186,000 मील प्रति सेकंड) पर समय रुक जाता है। उनकी गणना के मुताबिक, धरती से 273 बिलियन ट्रिलियन मील (273,000,000,000,000,000,000,000 मील) दूर कोई गैलेक्सी लाइट स्पीड से दूर जा रही होगी। यही दूरी कॉस्मिक होराइजन है यानी ऑब्जर्वेबल यूनिवर्स की बाहरी सीमा। इस जगह पर समय ठहर जाता है, यहां ना पास्ट होता है ना प्रेजेंट और नाही फ्यूचर। होता है तो सिर्फ टाइमलेसनेस।

**धर्मों से भी जोड़ा:–** डॉ. गुइलन कहते हैं कि यह बाइबल में वर्णित स्वर्ग से पूरी तरह मैच करता है। बाइबल में स्वर्ग को तीन लेवल में बांटा गया है– सबसे निचला स्तर पृथ्वी का वायुमंडल, मिड–लेवल आउटर स्पेस और हाईएस्ट लेवल जहां गॉड रहते हैं। यह 'ऊपर' है, जहां से भी देखें हमेशा सिर के ऊपर रहता है, पहुंच से बाहर है और नॉन–मटेरियल, टाइमलेस बीइंग्स (मृत आत्माओं) का घर है। वे कहते हैं कि यूनिवर्स का फैलना स्वर्ग के बढ़ने जैसा है, क्योंकि वहां जनसंख्या (मृत आत्माएं) बढ़ रही है। मुख्यधारा के एस्ट्रोनॉमर्स के लिए कॉस्मिक होराइजन सिर्फ वह दूरी है जहां से लाइट हमें 13 ß8 बिलियन सालों में पहुंची है, उसके आगे कुछ नहीं देखा जा सकता। लेकिन डॉ। गुइलन का मानना है कि यह स्पिरिचुअल रियल्म हो सकती है। डॉ। गुइलन एथीस्ट से क्रिश्चियन बने हैं और साइंस को फेथ से जोड़ते हैं। उन्होंने अपनी किताब ÒBelieving Is SeeingÓ में भी ऐसे ही विचार रखे हैं। उनका यह दावा साइंस और थियोलॉजी के बीच बहस छेड़ रहा है। कई लोग इसे इंटरेस्टिंग मानते हैं, जबकि कुछ इसे सिर्फ स्पेकुलेशन कहते हैं।

# वो जगह, जहां महिलाओं की एंट्री है बैन, मादा जानवर को भी निकाल देते हैं बाहर!

**दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं जहां कुछ नियम इतने सख्त होते हैं कि वे हैरान कर देते हैं। ऐसी ही एक जगह है ग्रीस की माउंट ऐथोस, जिसे 'होली माउंटेन' या 'एगियोन ओरोस' भी कहा जाता है। यह एक प्रायद्वीप है जो एजियन सागर में फैला हुआ है और यहां 20 ईस्टर्न ऑर्थोडॉक्स मठ हैं, जहां करीब 2000 साधु रहते हैं। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यहां 1000 साल से ज्यादा समय से महिलाओं का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित है। न सिर्फ महिलाएं, बल्कि ज्यादातर मादा पशु भी यहां नहीं रखे जा सकते।**

**कभी नहीं आती महिलाएं:–** यह नियम 'अवाटॉन' (Avaton) कहलाता है, जिसका मतलब है 'प्रवेश निषिद्ध'। यह नियम 1046 ईस्वी में सम्राट कॉन्स्टेंटाइन मोनोमैकस के समय से आधिकारिक रूप से लागू है, लेकिन इससे पहले से ही मठों में यह परंपरा चली आ रही थी। वजह है साधुओं की ब्रह्मचर्य की प्रतिज्ञा को बनाए रखना। मठों को पुरुषों का एक बड़ा मठ मानकर देखा जाता है, जहां कोई भी स्त्रीलिंग का प्राणी प्रवेश ना करे ताकि साधुओं का ध्यान भटके नहीं। ऑर्थोडॉक्स परंपरा के अनुसार, माउंट ऐथोस को 'वर्जिन मैरी का बाग' (Garden of the Mother of God) कहा जाता है। किंवदंती है कि वर्जिन मैरी और संत जॉन द इवेंजेलिस्ट एक तूफान में

अजब-गजब



यहां पहुंचे थे। मैरी को इस जगह की सुंदरता इतनी पसंद आई कि उन्होंने इसे खुद के लिए मांगा। इसलिए यहां सिर्फ वर्जिन मैरी ही महिला का प्रतिनिधित्व करती हैं, कोई दूसरी महिला नहीं। इस वजह से यहां महिलाओं के अलावा मादा पशुओं पर भी प्रतिबंध है। गाय, भेड़, बकरी, मुर्गियां जैसी घरेलू मादा जानवरों को यहां नहीं रखा जाता।

**लेनी पड़ती है परमिट:–** हालांकि, इस जगह पर एंट्री के लिए कुछ अपवाद भी हैं। बिल्लियों (फीमेल कैट्स) को यहां जाने की अनुमति है क्योंकि वे चूहों को पकड़ती हैं और मठों की साफ–सफाई में मदद करती हैं। जंगली जानवर जैसे हिरण या पक्षी स्वाभाविक रूप से आते–जाते रहते हैं, क्योंकि उन्हें नियंत्रित नहीं किया जा सकता। कुछ सोर्स में कहा गया है कि मुर्गियां भी कभी–कभी अंडों के लिए रखी जाती हैं, लेकिन सख्त नियम घरेलू मादा पशुओं पर लागू होता है। माउंट ऐथोस ग्रीस का एक स्वायत्त क्षेत्र है, जिसे यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज में शामिल किया गया है। यहां जाने के लिए पुरुषों को भी विशेष परमिट लेना पड़ता है, जो थेसालोनिकी में आवेदन करके मिलता है। महिलाओं के लिए यह परमिट कभी नहीं दिया जाता। ग्रीक कानून के अनुसार, महिलाओं का प्रवेश करने पर 12 महीने तक की जेल हो सकती है। 1953 में एक महिला ने पुरुष वेश में प्रवेश करने की कोशिश की थी, जिसके बाद यह कानून और सख्त हो गया।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम ने काशीरामपुर पहुंचकर कैंसर पीड़ितों की जांच की

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के गांव काशीरामपुर में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव में कैंसर से पीड़ितों के घर पहुंचकर पीड़ितों से बातचीत कर उनके परिजनों से जानकारी ली। काशीरामपुर गांव में पिछले कई सालों में लगभग 25 लोगों ने कैंसर की खतरनाक बीमारी की चपेट में आकर अपनी जिंदगी गवां दी। गांव के सात लोग अभी भी कैंसर की बीमारी की चपेट है, जिनका उपचार चल रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद के प्रभारी डॉक्टर अंकित कुमार, डॉक्टर संदीप कुमार, डॉक्टर गौरव गुप्ता, डॉक्टर साक्षी राजपूत, एनसीडी मुस्कान सचदेवा, वीपीएन निपेंद्र कुमार की टीम ने काशीरामपुर में कैंसर से पीड़ित धीर सिंह, संतोष शर्मा, जग्गो देवी, इमला देवी, ज्योति के स्वास्थ्य की जांच कर नियमित रूप से दवाई का सेवन करने की सलाह दी।



गांव में कैंसर पीड़ितों के परिवार से बातचीत करती स्वास्थ्य विभाग की टीम।

## काशीरामपुर की जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नजीबाबाद के प्रभारी डॉक्टर अंकित कुमार ने बताया काशीरामपुर में कैंसर पीड़ितों के घर जाकर उनसे जानकारी कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई है। जल निगम की टीम के द्वारा सरकारी हैंडपंपों का पानी जांच के लिए भेजा जा चुका है। स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा गांव में की गई जांच की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज दी गई हैं।**

## डॉक्टर की टीम को देख रो पड़ी ज्योति

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। शुक्रवार को काशीरामपुर गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा कैंसर पीड़ितों के घर पहुंचकर उनसे जानकारी ली गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम जब ज्योति पत्नी बाबूराम के घर पहुंची तो ज्योति ने स्वास्थ्य विभाग की टीम को आप बीती बताई। ज्योति अपना दर्द बयां करते हुए बीच में रो पड़ी, उसने रो-रोकर अपना दर्द बयां किया। ज्योति ने बताया कि 10 साल पहले उसकी शादी हुई थी। उसके दो छोटे-छोटे बच्चे है। उसका आयुष्मान कार्ड भी नहीं बना हुआ है। उसका पति बाबूराम मजदूरी करता है। घर की जमीन गिरवी रखकर उसका ऑपरेशन करवाया गया। गांव में किराए के मकान में रहकर अपने बच्चों को पाल रही है। पैसे न होने के कारण इलाज भी सही से नहीं हो पा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ज्योति को भरोसा दिलाया कि उच्चाधिकारियों को समस्या से अवगत कराकर समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।



काशीरामपुर में कैंसर पीड़ित ज्योति।

## कल हल्दौर में 10 से 5 बजे तक बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

हल्दौर (चिंगारी)। बिजली घर हल्दौर पर वीसीबी लगाने का कार्य चलने के कारण कल रविवार को नगर हल्दौर व देहात की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बंद रहेगी। बिजली घर के एसडीओ अभय कुमार व जेई गौतम कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हल्दौर बिजली घर पर कल रविवार को बिजनेस प्लान 2025- 26 के अंतर्गत ने 33 केवी वीसीबी लगाने तथा अन्य तकनीकी अनुरक्षण कार्य किया जाएगा। जिस कारण कल रविवार को हल्दौर बिजली घर के संपूर्ण फीडरो की विद्युत आपूर्ति प्रातः 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि सभी उपभोक्ता अपने आवश्यक कार्य प्रातः 10:00 बजे से पहले ही निपटा लें और इस तकनीकी कार्य में सहयोग प्रदान करें।

## आठ वर्षीय इबादुर्रहमान ने रखा जिंदगी का पहला रोजा

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर रतन निवासी फैजुर रहमान के बेटे इबादुर रहमान ने मात्र 8 साल की आयु में माहे रमजान में अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखा। इबादुर रहमान संट मैरिस इंटर कॉलेज में कक्षा 3 का छात्र है। इबादुर रहमान ने रोजा रखने के साथ इबादत कर नमाज अदा की तथा देश के अमन चैन के लिए अल्लाह से दुआ की।



## तालाब व घर में लगे नलों के पानी की जांच की मांग



**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। काशीरामपुर गांव किनारे दो तालाब है, जो बहुत पुराने है। तालाब में बहुत गंदा पानी है, पूरे गांव का गंदा पानी नालियों से होता हुआ तालाब में जाता है। गांव निवासी विपिन कुमार, महेंद्र सिंह, सुशील राठी, बाबूराम आदि ग्रामीणों ने गांव में फैलती कैंसर की बीमारी को देखते हुए तालाब व घर के नलों के पानी की जांच कराने की मांग की है।**

## आवारा कुत्ते ने बुजुर्ग को काटकर घायल किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला सब्नीग्रान में डा. सुलेमान क्लीनिक के पास आवारा कुत्ते ने बुजुर्ग फरीद अहमद पर हमला कर उसे काटकर घायल कर दिया। हमले में कुत्ते ने बुजुर्ग का एक पैर बुरी तरह से घायल कर दिया। कुत्ते के हमले में घायल बुजुर्ग की सोशल मीडिया पर विडियो वायरल होने पर शहर के लोगों ने नगरपालिका परिषद से शीघ्र ही आवारा कुत्तों को पकड़वाने की मांग की है। शहर के लोगों का कहना है कि सभी मौहल्लों में आवारा कुत्तों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि इनके हमलों से करीब दो सालों में सैकड़ों लोग घायल हो चुके है। नागरिक नगरपालिका व तहसील प्रशासन से कई बार आवारा कुत्तों को पकड़ने की मांग कर चुके हैं मगर उनकी इस समस्या पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में प्रभात की मौत जहरीले पदार्थ से होने की पुष्टि

नजीबाबाद (चिंगारी)। कस्बा साहनपुर में गुरुवार को प्रभात नामक जूस विक्रेता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतक के भाई राकेश कुमार ने नजीबाबाद पुलिस से शिकायत कर प्रभात की मौत पर शक जाहिर करते हुए जांच की मांग की थी। पुलिस ने प्रभात का शव श्मशान से चिता जलने से पहले ले जाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक की पत्नी कल्पना ने शराब पीने से तबियत बिगड़ने के बाद प्रभात की मौत की बात बताई थी थाना प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि प्रभात की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में विषैला पदार्थ का सेवन की पुष्टि हुई है। मृतक का बिसरा सुरक्षित रख लिया गया है जिसे जांच के लिए मुरादाबाद भेजा जाएगा।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"



योजना की प्रमुख विशेषताएँ:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताएँ:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

## आरपीएस स्कूल चंदक की छात्रा ईशिका राजपूत ने किया नाम रोशन

चंदक (चिंगारी)। आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल की कक्षा 12 की प्रतिभाशाली एवं मेधावी छात्रा इशिका राजपूत (पुत्री स्वर्गीय श्री संजय कुमार, निवासी सबलपुर बीतरा) ने देश की प्रतिष्ठित JEE Main 2026 परीक्षा में 93.70 पर्सेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय, अपने परिवार एवं क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। इशिका की इस शानदार उपलब्धि ने यह सिद्ध कर दिया है कि निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं दृढ़ संकल्प से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण रहा। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. बीरबल सिंह ने इशिका को हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विद्यालय परिवार के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती इंदिरा सिंह ने अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुए इशिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय के प्रबंधक श्री तपराज सिंह ने भी इशिका को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता उनके अथक परिश्रम और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंकुर त्यागी ने इशिका राजपूत को हार्दिक बधाई एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि उन्हें इशिका की उपलब्धि पर अत्यंत गर्व है। उन्होंने कामना की कि इशिका भविष्य में उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश प्राप्त कर निरंतर सफलता अर्जित करें और विद्यालय का नाम रोशन करती रहे।



# लग्न-रिश्ते के दौरान डीजे पर नाचने को लेकर हुई मारपीट, कई घायल

**पैजनिया ( चिंगारी )।** गांव पैजनिया में शुक्रवार की शाम लग्न-रिश्ता लेकर आए लड़की पक्ष के लोगों के साथ डीजे पर नाचने को लेकर लड़के पक्ष के लोगों के बीच जमकर मारपीट हो गई। इस बात से

## पुलिस की मौजूदगी में चढ़ाया गया लग्न रिश्ता

नाराज लड़की पक्ष के लोग दहेज का सामान लेकर वापस जाने लगे। सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने समझौता कराकर मामले को शांत किया। शुक्रवार को हल्दौर थाना क्षेत्र के गांव पैजनिया निवासी युवक का नूरपुर थाना क्षेत्र के गांव ठेरी निवासी एक व्यक्ति की लड़की का लग्न-रिश्ता लेकर ठेरी गांव के दर्जनों लोग ट्रैक्टर ट्राली एवं गाड़ियों से आए थे। लग्न-रिश्ता चढ़ने से



पहले लड़की एवं लड़के पक्ष के लोग खाना खा रहे थे। इस दौरान डीजे पर नाचने को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि खाने के पंडाल में जमकर लाठी डंडे, पानी के कैंपर, कुर्सियां एवं खाने की प्लेट उठाकर एक दूसरे पर वार किया गया। जिसमें दोनों पक्ष के महिलाओं सहित दर्जनों लोग घायल हो गए। इस बात से नाराज लड़की पक्ष के लोग बिना लग्न-रिश्ता चढ़ाए वापस जाने लगे। मौके पर पहुंची डायल 112 के पुलिसकर्मियों के साथ ग्रामीणों के समझाने पर बामुश्किल लग्न-रिश्ता चढ़ाने की औपचारिकता पूरी की गई। शनिवार को गांव ठेरी में युवक की बरात जानी है, जिसमें अनहोनी की आशंका जताई जा रही है। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक हल्दौर किशन अवतार ने बताया कि घटना की तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# विदेशों में फहरा रहे हिन्दी का परचम

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारत में ही नहीं, कई दूसरे देशों में भी हिन्दी का परचम लहरा रहा है। कई भाषाविद् विदेशों में हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। एसबीडी कालेज धामपुर में आयोजित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में श्रीलंका, नार्वे आदि देशों से हिन्दी भाषाविद् पहुंचे। कुछ देशों के हिन्दी प्रेमियों ने ऑनलाइन भाग लिया। विदेशी मेहमानों ने हिन्दी के प्रति अपनी अगाध आस्था व्यक्त की।



श्रीलंका से आये डा. ब्रेसिल नॉवाड वितान कोलंबो के एक विश्व विद्यालय में हिन्दी के प्रोफेसर हैं। वह हिन्दी फिल्मों के गीतों के माध्यम से श्रीलंका के सिंहली भाषी लोगों को हिन्दी सिखा रहे हैं। उन्होंने बताया कि श्रीलंका में बड़ी संख्या में लोग हिन्दी सीख रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिन्दी केवल एक भाषा नहीं, एक संस्कृति है। नार्वे से पधारे सुरेश चन्द्र शुक्ल वहां एक हिन्दी पत्रिका निकालते हैं। वह पिछले 40 वर्षों से नार्वे में रहकर हिन्दी का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि नार्वे में हिन्दी बोलने वाले लोगों की संख्या बढ़ रही है। श्री शुक्ल ने भारतवासियों से हिन्दी के विकास में सहयोग का आह्वान किया।

# होमगार्ड करन सिंह का निधन

## काफी समय से थे बीमार

**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम ढकौली निवासी करन सिंह बीमारी के चलते उपचार के दौरान निधन हो गया। करन सिंह लीवर संबंधी बीमारी से जूझ रहे थे। परिजनों के अनुसार करन सिंह की तबीयत काफी समय से खराब चल रही थी और उनका उपचार जारी था। हालत अधिक बिगड़ने पर उन्हें मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां वृहस्पतिवार शाम उपचार के दौरान मौत हो गयी। शुक्रवार को कम्पनी 14 के बीओ अबेंद्र कुमार, सीसी बिरेश कुमार, पीसी रवेंद्र कुमार, आशीष कुमार सहित अन्य होमगार्ड कर्मी उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को सांत्वना दी और दिवंगत साथी को श्रद्धांजलि अर्पित की।



# ग्राम चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याओं को सुना




**पैजनिया ( चिंगारी )।** नूरपुर विकास खंड क्षेत्र के ग्राम बमनौला में शुक्रवार को सीडीओ रणविजय सिंह, ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने ग्राम चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। बीडीओ डॉ. दिनेश पाल शर्मा ने विकास खंड में संचालित योजनाओं पर प्रकाश डाला। एडीओ पंचायत करुणा चौहान ने बताया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में लाईब्रेरी/पुस्तकालय सचांलित तथा प्रत्येक ग्राम पंचायत में डोर टू डोर कूड़ा उठाने के लिए ई- रिक्शा उपलब्ध है। चौपाल में विकास विकास खंड में संचालित विभिन्न विभागों विकास विभाग, पंचायती राज, समाज कल्याण, कृषि, एनआरएलएम, स्वास्थ्य, बाल विकास परियोजना की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया। सीडीओ रणविजय सिंह ने ग्रामवासियों से उनकी समस्याओं, मांगों को सुनकर निस्तारण से संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। इस अवसर पर ग्राम प्रधान आदेश देवी, ग्राम प्रधान पति डा. रामकुमार सिंह, सीडीपीओ सतीश कुमार, एडीओ सलीम अहमद, पीएचसी प्रभारी डॉ. अजय गंधर्व, ग्राम पंचायत सचिव संजीव कुमार, नीरज कुमार, गौरव कुमार, योगेश कुमार, बाला, अनीता, ऊषा, आदि मौजूद रहे।

# मेजल्स व रूबेला की रोकथाम हेतु चलेगा टीकाकरण अभियान

**नूरपुर ( चिंगारी )।** प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अजय गन्धर्व ने जानकारी देते हुए बताया कि जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर एमआर खसरा (मेजल्स) रूबेला (रूबेला) टीकाकरण अभियान चलाकर प्राथमिक विद्यालयों मदरसों में पढ़ने वाले व अस्पताल में आने वाले बच्चों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यब टीकाकरण छोटे बच्चों में मेजल्स व रूबेला जैसी नामक दो अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारियों से बचाव के लिए होगा।यह टीकाकरण बच्चों को गम्भीर बीमारियों, आजीवन जटिलताओं और मृत्यु से बचाने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह टीका बच्चों में खसरा व जन्मजात रूबेला सिंड्रोम जैसे बहरापन, अंधापन या हृदय दोष से बचाता है। यह टीकाकरण हमारे देश मे 9 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों में विशेष अभियान के अंतर्गत किया जाता है, ताकि समुदाय में इन बीमारियों का प्रसार रोका जा सके। डॉ. अजय गन्धर्व ने बताया कि टीकाकरण के सात से बारह दिनों के बाद बच्चों को हल्का बुखार या दाने हो सकते है, लेकिन यह पूरी तरह से सुरक्षित है।



डा. अजय गंधर्व

# सांसद चन्द्रशेखर ने परवेज आदिल की माता के निधन पर शोक व्यक्त किया



**नगीना ( चिंगारी )।** वरिष्ठ पत्रकार एवं शिक्षक परवेज आदिल माही की वालिदा श्रीमती अमीना अंजुम का मुकद्दस रमजान के पहले रोजे को इंतकाल हो गया। परवेज आदिल के मौहल्ला काजी सराय स्थित आवास पर शोक व्यक्त करने वालों का तांता लगा रहा। नगीना सांसद चन्द्रशेखर ने भी परवेज आदिल के आवास पर पहुंचकर अपनी संवदेनाएं व्यक्त कीं। इनके अलावा विधायक मनोज पारस, चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, मुफ्ती उवैस अकरम सहित नगर के तमाम गणमान्य व्यक्तियों तथा पत्रकारों आदि ने श्रीमती अमीना अंजुम की मगफिरत के लिये दुआ की।

# जुमे की नमाज़ में मुल्क की खुशहाली के लिये उठे हजारों हाथ

**स्योहारा ( चिंगारी )।** रमज़ान के पहले जुमे को नगर की जामा मस्जि़द मौलाना इम्तियाज कासमी, रहमानिया मस्जिद में मुफ्ती मोहम्मद उवैस, हाजी वाली मस्जिद में मुफ्ती उबैद ज़ैदी, तकिये वाली मस्जिद में कारी हारून, मियां वाली मस्जि़द में मुफ्ती असीम अंसारी, कुरैशियान मस्जि़द में हाफ़िज़ शमशाद, हाथे वाली मस्जिद में मौलाना फैजान, शाही मस्जिद मौलाना शाहिद, ज़ूना वाली मस्जिद में मुफ्ती सदाकत ने खिताब किया। जामा मस्जिद के इमाम मौलाना इम्तियाज़ कासमी द्वारा नमाज़ के बाद मुल्क की तरक्क़ी, अमनो आमान, बीमारी से तमाम इंसानों की हिफाज़त की दुआ कराई गई। उन्होंने कहा कि रमजान में रोज़ा रखना और उसके साथ साथ अल्लाह की इबादत करना अहम बात है। रमजान के मुबारक महीने में जैसे पांचों वक्त की नमाज़ जमात के साथ अदा करते हैं ऐसे ही साल के बारह महीने अदा करनी चाहिए। इस मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों अमरीन मेराज, मोहम्मद अनीक जमाल, अनुशा फात्मा, ज़ाफ़िया रहमान, मोहम्मद अनफ, मोहम्मद अरक़म, अनुशा फात्मा, जायना रहमान, इनाया रहमान, सफीरा रहमान, उमरा सुआलेह आदि ने भी अल्लाह की बारगाह में दोनों हाथ उठाकर दुआ की।



# डीएम ने किया पौधारोपण व मिनी स्टेडियम का लोकार्पण



**नहटौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने ब्लॉक कार्यालय निरीक्षण के दौरान चौधरी चरण सिंह मिनी स्टेडियम/पार्क का लोकार्पण किया। उन्होंने विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रत्येक व्यक्ति को समयबद्ध और पारदर्शी सेवा देने के लिए निर्देशित किया।

शुक्रवार को जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नहटौर (आकू) ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय कार्यप्रणाली, अभिलेख, साफ सफाई, जनसमस्याओं के समाधान की स्थिति आदि की समीक्षा की। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी जारी किये। जिलाधिकारी ने ब्लॉक कार्यालय में चौधरी चरण सिंह पार्क का लोकार्पण किया। ब्लॉक कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया। ब्लॉक कार्यालय निरीक्षण के उपरांत जिलाधिकारी ने पशु चिकित्सालय परिसर में संचालित प्रेरणा कैंटीन का निरीक्षण कर वहां पर उपलब्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता देखी और स्वयं भी उत्पादों का स्वाद चखा। उन्होंने अधिकारियों को निरीक्षण के

**समूह कैंटीन का निरीक्षण किया**

दौरान विकास योजनाओं की प्रगति, मनरेगा कार्य, स्वच्छता अभियान आदि में शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप कार्य को गति देने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राकेश चौधरी, खंड विकास अधिकारी प्रताप सिंह, एडीओ पंचायत मनोज कुमार, दीनदयाल सिंह, एडीओ कृषि अमूल तोमर, राजू सिंह, ब्लॉक मिशन मैनेजर महेश कुमार, मोहम्मद परवेज, शैली चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# वन्यजीवों से बचाव को लेकर किसानों ने रेंजर को ज्ञापन सौंपा



रेंजर को ज्ञापन देते किसान।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** आयेदिन वन्यजीवों द्वारा हो रहे जान-माल के नुकसान को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने नाराजगी का इजहार करते हुए वन्यजीवों के आबादी की ओर आने पर पूरी तरह रोक लगाने की मांग की है। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ श्रीमती अंकिता किशोर को दिए गए मांग पत्र में भाकियू (अराजनीतिक) के पदाधिकारियों ने दो दिन पूर्व जंगली हाथी द्वारा रानी नांगल में एक व्यक्ति को पटक-पटककर मार दिए जाने का हवाला लेते हुए कहा कि अगर वन विभाग द्वारा दीवार अथवा तार फेंसिंग आदि के माध्यम से वन्यजीवों की रोकथाम के शीघ्र पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो भाकियू (अराजनीतिक) के बैनर तले आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में संगठन के तहसील अध्यक्ष सरदार दर्शन सिंह फौजी व ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिजनौर में 25 फरवरी को लगेगा नि:शुल्क नेत्र शिविर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जीते जी रक्तदान और मृत्यु के पश्चात नेत्रदान के लिये समाज को जागृत करने की मुहिम में लगे स्थानीय सर्राफा व्यवसायी व समाजसेवी रघुनाथ प्रसाद, वीरेन्द्र कुमार अग्रवाल सर्राफ द्वारा प्रत्येक माह लगाये जाने वाले नि:शुल्क नेत्र



चिकित्सा शिविर की श्रृंखला में 25 फरवरी को शिविर लगाया जायेगा। आयोजक विकास अग्रवाल ने सभी जरूरतमंद नेत्र रोगियों का आह्वान किया है कि वे प्रात: 9 बजे नूरपुर रोड बिजनौर स्थित अग्रवाल धर्मशाला में पहुंचकर शिविर का लाभ उठायें। जिन रोगियों का मोतियाबिंद का आप्रेशन होना है वे अपना आधार कार्ड साथ अवश्य लायें। शिविर में पूर्व की भांति निर्मल आश्रम आई इस्टीट्यूट ऋषिकेश की टीम द्वारा रोगियों का परीक्षण किया जायेगा। परीक्षण व आप्रेशन पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। आप्रेशन के लिये ऋषिकेश आने-जाने व वहां ठहरना भी पूर्णत: नि:शुल्क रहेगा। अधिक जानकारी के लिए मो. नं. 9837027465 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# डीआईओएस ने परीक्षा केन्द्रों पर छापा मारा

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** जिला विद्यालय निरीक्षक (डीआईओएस) जयकरन यादव के नेतृत्व में गठित सचल दल ने शुक्रवार को क्षेत्र के दोनों परीक्षा केन्द्रों-राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज नांगल सोती तथा नूतन इंटर कॉलेज तिसोतरा में छापेमारी की, मगर डीआईओएस को कोई नकलची परीक्षार्थी नहीं मिला। दोनों परीक्षा केन्द्र नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराने के लिये जाने जाते हैं। दोनों केन्द्रों पर बोर्ड परीक्षायें शांतिपूर्वक चल रही हैं।




सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमजान की दिली मुबारकबाद

शहज़ाद अहमद
जिला महासचिव बिजनौर
(आजाद समाज पार्टी कां.)
पूर्व चेयरमैन, झालू न.प. (बिजनौर)
सम्भावित प्रत्याशी 22-विधानसभा, बिजनौर

तीसरा रोजा : शनिवार 21 फरवरी
इफ्तार सुन्नी 6:14, शिया 6:25
चौथा रोज़ा : रविवार, 22 फरवरी
सहरी- सुन्नी 5:25 शिया 5:18



शहजाद अहमद


# 'आत्म विश्लेषण टैस्ट सह प्रतियोगिता' का आयोजन




प्रतियोगिता में सम्मिलित बच्चे तथा निगरानी करते एमडी डालचंद पाल

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** गुरुकुल इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल हरचंदपुर द्वारा 'आत्म विश्लेषण टैस्ट सहप्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है, जो 26 फरवरी तक क्लासवाइज चलेगी। विद्यार्थियों के टैस्ट में एकेडमिक सिलेबस, सामान्य ज्ञान और साक्षात्कार को शामिल किया गया है। स्कूल द्वारा प्रत्येक विद्यार्थी का अवलोकन किया जा रहा है, ताकि टैस्ट, प्रतियोगिता में विद्यार्थियों को एक बेहतर मानदंड मिल सके। स्कूल के एम.डी. डालचंद पाल और प्रधानाचार्य शूरवीर राजपूत ने इस सम्बन्ध में कहा कि स्कूलों में यदि ऐसे प्रतियोगी टैस्ट होते रहेंगे, तो बच्चों की शिक्षा उच्च दिशा की ओर अग्रसर होगी।

# नाईपुरा का मूर्ति विवाद समाप्त

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के सैदपुरा उर्फ नाईपुरा गांव के शिव मंदिर विवाद का पटाक्षेप कराकर वहां पुन: मूर्तियों की स्थापना करा दी गई है। बृहस्पतिवार को थाने में



ही दोनों पक्षों की वार्ता संपन्न कराई गई, जिसमें काफी गहमा-गहमी रही। आखिरकार दोनों पक्ष मूर्ति स्थापना के लिए सहमत हो गए। लिखित समझौते के बाद हीमपुर दीपा पुलिस ने भी राहत महसूस की। मालूम हो कि गत शनिवार की रात्रि शिव मंदिर विवाद ने उस समय तूल पकड़ लिया था, जब पुलिस की मौजूदगी में गांव के प्राचीन शिव मंदिर में स्थापित शिव परिवार और देवी-देवताओं की मूर्तियों को भैंसा-बुग्गी में लदवाकर गांव की वीरान सड़क पर लावारिस छोड़ दिया गया था। आक्रोशित शिव भक्तों द्वारा पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे थे, जिसके कारण पुलिस की परेशानी बढ़ती जा रही थी। वार्ता में विश्व हिंदू परिषद के सौरभ शर्मा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य डा. राजवीर सिंह, शीशपाल उर्फ बबलू प्रधान, धर्म सिंह पाल आदि मौजूद रहे।

# होली का जुलूस निकलेगा शानदार, बैठक में रूपरेखा की गई तैयार



**नगीना ( चिंगारी )।** होली के मौके पर नगर में निकलने वाले श्री नरसिंह भगवान के प्रसिद्ध जुलूस को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए समिति की बैठक में रूपरेखा तैयार की गई। लोहिया धर्मशाला में हुई बैठक में होली महापर्व पर निकाली जाने वाली पारंपरिक नरसिंह शोभायात्रा की रूपरेखा को तैयार की गई। बैठक में कार्यकारणी विस्तार हेतु नये सदस्यों को जोड़ा गया, साथ ही कार्यकर्ताओं को जरूरी जिम्मेदारी दी गई। बताया गया कि जुलूस में कई आकर्षक झांकियां, ढोल, बैंड आदि शामिल होंगे। समिति के अध्यक्ष अनंत जैन ने बताया कि शोभायात्रा तीन मार्च को सायं पांच बजे श्री पीपल महादेव मन्दिर प्रांगण से शुरू होकर नगर के मुख्य बाजार होते हुए स्टेशन तक जाकर समाप्त होगी। बैठक में अध्यक्ष अनंत जैन, उपाध्यक्ष शुभम गुप्ता, अपुल जैन, आशीष जैन, लक्ष्मण सैनी, विभोर जैन, दीपक सोती, रॉबिन गौतम, रॉकी, शिवम सोती, रोहन भारद्वाज, अमन यादव, श्रियम, मोहित गर्ग, तनिष्क गुप्ता, कार्तिक, विपुल जैन, शुभम आदि मौजूद रहे।

# होलाष्टक : 24 फरवरी, मंगलवार से 3 मार्च, मंगलवार तक

## समस्त मांगलिक कार्यों पर लग जायेगा विराम

भारतीय सनातन परम्परा में होली के 8 दिन पूर्व होलाष्टक प्रारम्भ हो जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार होलाष्टक के 8 दिनों में मांगलिक कार्य स्थगित रहते हैं, जबकि धार्मिक अनुष्ठान यथावत् चलते रहते हैं। प्रख्यात ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि धार्मिक मान्यता के अनुसार होली से 8 दिन पहले का समय होलाष्टक कहलाता है। इस बार होलाष्टक की शुरुआत 24 फरवरी, मंगलवार से 3 मार्च, मंगलवार तक रहेगा। इस बार फाल्गुन शुक्ल अष्टमी तिथि 24 फरवरी, मंगलवार को प्रातः 7 बजकर 3 मिनट पर लगेगी, जो कि उसी दिन अर्द्धरात्रि के पश्चात् 4 बजकर 52 मिनट तक रहेगी, तत्पश्चात नवमी तिथि प्रारम्भ हो जाएगी। कृत्तिका नक्षत्र 23 फरवरी, सोमवार को दिन में 4 बजकर 34 मिनट से 24 फरवरी, मंगलवार को दिन में 3 बजकर 8 मिनट तक रहेगा, तत्पश्चात रोहिणी नक्षत्र प्रारम्भ हो जाएगा, जो कि 25 फरवरी, बुधवार को दिन में 1 बजकर 39 मिनट तक रहेगा।

**प्रख्यात ज्योतिषविद् श्री विमल जैन के अनुसार-**

वैवाहिक मुहूर्त, वधू प्रवेश, द्विरागमन, मुण्डन, नामकरण, अन्नप्राशन, देवप्रतिष्ठा, नवगृह निर्माण व प्रवेश, नवप्रतिष्ठारम्भ आदि ये सभी कार्य वर्जित रहते हैं। होलाष्टक शब्द होली और अष्टक दो शब्दों से मिलकर बना है, जिसका अर्थ होता है होली के आठ दिन। फाल्गुन शुक्लपक्ष की अष्टमी तिथि से फाल्गुन शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि तक होलाष्टक रहता है। अष्टमी तिथि से शुरू होने कारण भी इसे होलाष्टक कहा जाता है। होली से पूर्व 8 दिनों का समय होलाष्टक के नाम से जाना जाता है। अष्टमी तिथि के दिन चन्द्रमा, नवमी तिथि के दिन सूर्य, दशमी तिथि



के दिन शनि, एकादशी तिथि के दिन शुक्र, द्वादशी तिथि के दिन वृहस्पति, त्रयोदशी तिथि के दिन बुध, चतुर्दशी तिथि के दिन मंगल तथा पूर्णिमा तिथि के दिन राहुग्रह उग्र स्वरूप में माने गए हैं। ग्रहों के उग्रता के फलस्वरूप व्यक्ति के निर्णय लेने की क्षमता में कमी आ जाती है, जिसके कारण व्यक्ति उचित-अनुचित, संकल्प-विकल्प की स्थिति में सही निर्णय लेने में अपने को असमर्थ महसूस करता है। कई बार उसके निर्णय ऐसे भी हो जाते हैं, जो कि अनुकूल नहीं रहते। इस कारण उसे लाभ के स्थान पर हानि की संभावना बढ़ जाती है। जिनकी कुंडली में नीच राशि के चंद्रमा और वृश्चिक राशि के जातक या चंद्रमा छठे या आठवें भाव में हैं उन्हें इन दिनों विशेष सावधानी व सतर्कता रखनी चाहिए।

**पौराणिक कथा**

पौराणिक कथा के अनुसार जब प्रहलाद को प्रभु भक्ति से दूर रखने के लिए समस्त उपाय निष्फल हो गए, तब हिरण्यकश्यपु ने प्रह्लाद को फाल्गुन शुक्ल पक्ष की अष्टमी को बंदी बनाकर परलोक भेजने यानि मृत्यु के लिए उपाय करने लगे, किन्तु भगवत भक्ति में लीन होने के कारण प्रहलाद हमेशा जीवित बच जाते। इसी प्रकार सात दिन बीत गए आठवें दिन अपने भाई हिरण्यकश्यपु की विवशता देख उनकी बहन होलिका (जिसे ब्रह्मा द्वारा अग्नि से न जलने का वरदान था) ने प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर अग्नि में जलाने का सुझाव दिया, जिसे हिरण्यकश्यपु ने स्वीकार कर लिया। परिणाम स्वरुप होलिका जैसे ही अपने भतीजे प्रहलाद को गोद में लेकर जलती आग में बैठी तो, वह स्वयं जलने लगी और प्रहलाद पुनः जीवित बच गए। तभी से भक्ति पर आघात हो रहे इन आठ दिनों को होलाष्टक के रूप में मनाया जाता है। तभी से फाल्गुन शुक्ल अष्टमी के दिन से ही होलिका दहन स्थान का चुनाव किया जाता है, इस दिन से होलिका दहन के दिन तक इसमें प्रतिदिन कुछ लकड़ियां डाली जाती हैं, पूर्णिमा तक यह लकड़ियों का ढेर बन जाता है। पूर्णिमा के दिन सायंकाल शुभ मुहूर्त में अग्निदेव की शीतलता एवं स्वयं की रक्षा के लिए उनकी पूजा करके होलिका दहन किया जाता है। जब प्रह्लाद बच जाते हैं, उसी खुशी में होली का त्यौहार मनाते हैं। पौराणिक ग्रन्थों के अनुसार भगवान शिव की तपस्या को भंग करने के अपराध में कामदेव को शिवजी ने फाल्गुन की अष्टमी तिथि को भस्म कर दिया था। कामदेव की पत्नी रति के उस समय क्षमा याचना करने पर शिवजी ने कामदेव को पुनः जीवित करने का आश्वासन दिया। इसी खुशी में होलिका दहन के दूसरे दिन समस्तजन एक-दूसरे पर रंग-गुलाल डालकर सराबोर होते हैं।



-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन
मो. : 09335414722

---

चिंगारी : विचार

# कल के पेपर की चिंता करें.. बस!



-सत्यराज

वार्षिक परीक्षाएं चल रही हैं, स्कूल/कॉलेज में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे को बस पेपर अच्छा कैसे हो, की टेंशन रहती है, रहेगी भी। पूरे साल पढ़ाई करके परिणाम का समय जो आ गया है। वैसे आज का विचार बच्चों के लिए कम, माता-पिता और गुरुजनों के लिए अधिक है। आमतौर पर देखा जाता है कि बच्चा पेपर देकर स्कूल से बाहर निकलता है तो मित्रों के साथ पेपर कैसा हुआ, कितने नंबर आ जाएंगे जैसे सवालों में उलझ जाता है। घर पहुंचता है तो माता-पिता सवाल करने लगते हैं। गुरुजन पेपर लेकर बैठ जाते हैं, चलो कितने नंबर आ रहे हैं देखते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चे दे चुके पेपर में ही उलझकर रह जाते हैं। अगले पेपर की तैयारी का ध्यान ही नहीं रहता।



दो पेपरों के बीच के समय का ज्यादा हिस्सा पहले पेपर के तनाव में ही गुजर जाता है, जबकि होना यह चाहिए कि जो पेपर बच्चे देकर आए हैं, उसकी समीक्षा आज ही न करें। पेपर को उठाकर कहीं रख दें और आगे आने वाले पेपर की तैयारी में लग जाएं।

माता-पिता और गुरुजनों को भी बच्चे को यही समझना चाहिए कि आज जैसा भी पेपर हुआ, ठीक है, इसे छोड़कर आने वाले पेपर की तैयारी करो। परीक्षा समाप्त होने पर सभी पेपरों की समीक्षा कर लेना। समझना होगा कि यदि आज का पेपर खराब भी हुआ है तो उस तनाव में न पड़कर, आने वाले पेपर में सुधार लाकर कल के पेपर की खराबी का असर कम कर सकते हैं, तनाव में रहकर नहीं।

---

# राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे योगी आदित्यनाथः डॉ. डेविड फ्रॉले

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका के प्रख्यात वैदिक विद्वान डॉ. डेविड फ्रॉले ने राजधानी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और योग, आयुर्वेद व सनातन संस्कृति पर चर्चा की। मुख्यमंत्री के बहुआयामी व्यक्तित्व के प्रशंसक डॉ. फ्राले ने कहा कि योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण कर रहे हैं। उन्होंने नाथ परंपरा का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे वैश्विक कल्याण की नई राह प्रशस्त हो रही है। अमेरिकी विद्वान ने योगी सरकार द्वारा अयोध्या का पुरातन गौरव लौटाने की सराहना की और कहा कि अयोध्या का कायाकल्प वेदों की ओर लौटने का मार्ग है। डॉ. फ्रॉले ने कहा योगी आदित्यनाथ के साथ समय बिताना मेरे लिए अत्यंत सम्मान और सौभाग्य की बात रही। गौरक्ष पीठाधीश्वर योगी उस नाथ परंपरा से जुड़े हुए हैं, जो प्राचीन योग संस्कृति से जुड़ी है और इसे भारत में जीवंत बनाए हुए हैं। वे इन परंपराओं को न केवल संरक्षित कर रहे हैं, बल्कि उन्हें वैश्विक स्तर पर विस्तार भी दे रहे हैं। साथ ही वे शरीर, मन, समाज के स्वास्थ्य एवं कल्याण के लिए कार्य कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ राजनीति का शुद्धिकरण भी कर रहे हैं।


ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है-

मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक

मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# 5 लाख से अधिक लोगों तक पहुंचा 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान

## सीएम के निर्देश पर 45 दिन तक चला अभियान

-एस पी अरोड़ा

देहरादून (चिंगारी)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में चला 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान 45 दिन की अवधि के बाद शुक्रवार को अभूतपूर्व रिकॉर्ड के साथ सम्पन्न हो गया है। इस अभियान के दौरान 681 शिविरों का आयोजन किया गया, जिसमें पांच लाख से अधिक लोगों ने प्रत्यक्ष तौर पर भागीदारी निभाई, यही नहीं इस दौरान करीब 33 हजार जन शिकायतों का त्वरित समाधान किया गया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी लगातार इस बात पर जोर दे रहे हैं कि लोगों को जन समस्याओं के समाधान के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े, बल्कि प्रशासन खुद लोगों के पास पहुंच कर उनकी शिकायतों का निस्तारण करे। मुख्यमंत्री की इसी सोच को केंद्र में रखते हुए दिसंबर माह से सरकार ने 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान शुरु किया। जिसके तहत शुक्रवार 20 फरवरी तक, लगातार 45 दिन, प्रदेश भर में शिविर आयोजित किए गए। इसी क्रम में शुक्रवार को अभियान सम्पन्न होने तक प्रदेश भर में कुल 681 कैंपों का आयोजन किया गया, जिसमें 5,33,452 नागरिकों ने प्रत्यक्ष तौर पर भाग लेकर विभिन्न सेवाओं का लाभ लिया, साथ ही अपनी समस्याएं भी दर्ज कराई। अकेले शुक्रवार को ही इस क्रम में 11 कैम्प आयोजित किए गए, जिसमें 8209 नागरिकों ने प्रतिभाग लिया।

### 33 हजार से अधिक शिकायतों का निस्तारण

अभियान के तहत प्रदेश भर में 51053 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें से 33755 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इन शिविर के जरिए, विभिन्न प्रकार के प्रमाण-पत्रों के लिए 74184 आवेदन प्राप्त हुए, जिन पर त्वरित गति से कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त करीब तीन लाख लोगों ने विभिन्न सेवाओं का भी लाभ लिया। यह अभियान इस बात का प्रमाण है कि प्रदेश सरकार योजनाओं की घोषणा तक सीमित नहीं है, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है। लोगों को बिना किसी भागदौड़ के सरकारी सेवाएं मिलीं, यही सुशासन की पहली सीढ़ी है। इसी क्रम में 45 दिन की अवधि के लिए 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान शुरु किया गया, जो पूरी तरह सफल रहा है। यह विशेष अभियान भले ही सम्पन्न हो गया हो, लेकिन प्रशासन लगातार जनता के सम्पर्क में बना रहेगा, अधिकारियों का आगे भी लगातार आगे बढ़कर जन शिकायतों का त्वरित समाधान करने को कहा गया है।

## जंगली जानवर बरबाद कर रहे फसल समस्या का नहीं निकल रहा हल

कोटद्वार (चिंगारी)। जयहरीखाल ब्लाक के कई पहाड़ी गांवों में जंगली जानवर काश्तकारों की खड़ी गेहूं की फसल सहित मौसमी सब्जियों को जमकर नुकसान पहुंचा रहे हैं, जिस कारण काश्तकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ब्लाक के बडगांव, राईसेरा, ढौंटियाल, खैणी व सिलवाड़ सहित कुछ अन्य गांवों में अभी भी काश्तकार खेती किसानी का कार्य करते हैं। पारंपरिक फसलों के साथ उन्होंने मौसमी सब्जियां भी बो रखी हैं। लेकिन वर्तमान में दिन में बंदर व लंगूर व रात में नीलगाय, सूअर व खरगोश उनकी फसल को बर्बाद करने पर लगे हुए हैं। काश्तकार बलबीर सिंह, रतन सिंह, विनोद कुमार, अनुसूया प्रसाद व मुकेश रावत ने बताया कि खेतों में किसी तरह वे फसल की बुआई कर रहे हैं, लेकिन बंदरों का आतंक इतना है कि वे फसल के साथ ही घर के अंदर घुसकर वहां रखे सामान को भी तहस नहस कर रहे हैं, यही नहीं मौसमी सब्जियों को भी जंगली जानवर नष्ट कर रहे हैं, ऐसे में खेती से उनका मन उचट रहा है।

## बारात में चढ़त के दौरान नाचते समय डम्पर की टक्कर से मौत

मंडावर (चिंगारी)। एक व्यक्ति की बारात में चढ़त के दौरान नाचते समय डंपर की टक्कर से मौत हो गयी। घटना से बारात में शोक की लहर दौड़ गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर और चालक को कब्जे में ले लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार मंडावर के एक बैंकेट हॉल में बीती रात थाना किरतपुर के ग्राम बहादरपुर से बारात आयी थी, जिसमें भोपाल उर्फ भोपा पुत्र छोटे सिंह (लगभग 50 वर्ष) भी बारात में आया था। चढ़त के दौरान रात्रि 12 बजे लालपुर चौराहे पर तेज रफ्तार से आ रहे डंपर ने भोपाल को टक्कर मार दी, जिससे वह बुरी तरह लहूलुहान हो गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। घटना से गुस्साएं स्थानीय लोगों ने बैंकेट हॉलों के आस-पास स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

## मां के साथ गंगा किनारे सो रही बच्ची को अज्ञात व्यक्ति ले गया उठाकर

### पुलिस की घेराबंदी से घबराकर बच्ची को छोड़कर फरार हुआ

हरिद्वार (चिंगारी)। गंगा घाट किनारे मां के साथ सो रही दो वर्षीया बच्ची को अचानक कोई व्यक्ति उठाकर ले गया। जानकारी मिलते ही पुलिस द्वारा जिले की सीमाओं तक घेराबंदी कर बच्ची एवं उसको उठाकर ले जाने वाले की तलाश शुरू कर दी गई। पुलिस के घेराबंदी से घबरा कर वह ऋषिकुल चौक के पास बच्ची को छोड़कर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश हरदोई जनपद के सांडी क्षेत्र की मूल निवासी महिला गत दो वर्षों से हरिद्वार में रहकर भीख मांग कर अपनी गुजर-बसर कर रही है अपने पति के निधन के बाद से वह तीन माह से मायापुर क्षेत्र में गंगा किनारे अपनी दो वर्षीया बच्ची के साथ रह रही थी। गुरुवार की रात्रि अंधेरे का लाभ उठाकर किसी ने उसकी मासूम बच्ची को उठा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह की अगुवाई में शहर कोतवाली पुलिस एएचटीयू व एसओजी की संयुक्त टीमें गठित की गईं। साथ ही समस्त संवेदनशील स्थानों, राज्य की सीमाओं, बस अड्डों व रेलवे स्टेशन पर अलर्ट जारी कर दिया गया। आसपास की फुटेज खंगालने पर संदिग्ध व्यक्ति बच्ची को ले जाता दिखाई दिया। इसके उपरांत पुलिस की सक्रियता व दबाव बढ़ते देख व व्यक्ति बच्ची को छोड़कर फरार हो गया। कल दोपहर बच्ची ऋषिकुल चौक के पास सड़क किनारे मिली। बच्ची को पुलिस ने अपने संरक्षण में लेकर उसकी मां के सुपुर्द कर दिया तथा उसे ले जाने वाले की तलाश में सक्रियता के साथ जुट गई।

## बीडीसी मेम्बर राजीव कुमार की सड़क दुर्घटना में मौत



फाइल फोटो राजीव कुमार

धामपुर (चिंगारी)। अल्हैपुर ब्लॉक के ग्राम नगला गान्ना उर्फ करनावाला से क्षेत्र पंचायत सदस्य राजीव कुमार पाल की सड़क दुर्घटना में हुई मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे पत्नी सरिता देवी, 9 वर्षीय पुत्री निशिपाल व 6 वर्षीय पुत्र सार्थक को रोता बिलखता छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गांव में ही किया गया। अल्हैपुर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती क्षमा हेमलता चौहान व उनके पति नीरज प्रताप सिंह ने उनके निधन पर गहरा दु:ख व्यक्त किया है।

## महाविद्यालय में व्याप्त समस्याएं दूर करो वरना सात दिन बाद अभाविप शुरू करेगी धरना

### प्राचार्य को दिया ज्ञापन

कोटद्वार (चिंगारी)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने कोटद्वार स्थित महाविद्यालय में वाई-फाई लगवाने सहित विभिन्न समस्याओं के निराकरण की मांग की है। कहा कि लगातार शिकायत के बाद भी महाविद्यालय प्रशासन समस्याओं को लेकर लापरवाह बना हुआ है।

इस संबंध में परिषद कार्यकर्ताओं की ओर से प्राचार्य डॉ. डीएस नेगी को सौंपे ज्ञापन में कहा गया है कि संगठन लंबे समय से महाविद्यालय में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग उठा रहा है लेकिन, महाविद्यालय प्रशासन द्वारा इस संबंध में गंभीरता नहीं दिखाने के कारण समस्याएं जस की तस हैं। कहा कि छात्रों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए परिसर में वाई-फाई लगाया जाना चाहिए। महाविद्यालय को स्वच्छ बनाने के लिए कूड़ेदानों की व्यवस्था की जानी चाहिए।

ज्ञापन में पुस्तकालय के फर्नीचर की मरम्मत करवाने, मॉडर्न लाइब्रेरी बनवाने, खेल मैदान को बेहतर रूप देने, महाविद्यालय में छात्रों की आईडी कार्ड जांच के लिए स्टाफ तैनात करने की मांग भी की गई है। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि यदि सात दिन के भीतर धरातल पर कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तो संगठन आंदोलन पर मजबूर होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में अभाविप जिला संयोजक अनिकेत, रोहन राणा, रामगोपाल सिंह और निशांत अग्रवाल आदि शामिल रहे।

## इंग्लिश का पेपर था आसान, परीक्षार्थियों के चेहरे पर आई मुस्कान



चांदपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा शुक्रवार को आयोजित इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र को देखकर छात्रों के चेहरे खुशी से खिल उठे। परीक्षा उपरांत छात्रों ने बताया कि प्रश्न पत्र में अधिकांश याद किए हुए प्रश्नों का समावेश था। परीक्षार्थियों ने बताया कि अनसीन पैसेज, निबंध तथा लेटर उन्हें याद किए हुए मिले। डाउरी सिस्टम वूमेंस एजुकेशन से संबंधित उनके प्रिय आर्टिकल देखकर छात्र झूम उठे। ग्रामर का पोर्शन काफी सरल व रोचक था। गद्य एवं पद्य में उच्च स्तरीय किंतु रोचक प्रश्न पाकर छात्रों ने बताया कि उन्हें शत प्रतिशत अंक लाने की उम्मीद है। 100 अंकों के इस प्रश्न पत्र में छात्रों ने दावा किया कि उन्हें 95 प्रतिशत से अधिक अंक आने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश इंग्लिश स्कॉलर्स एसोसिएशन जनपद बिजनौर के जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र सिंह त्यागी ने बताया कि छात्रों ने निश्चित रूप से अनसीन, आर्टिकल, लेटर्स एवं ग्रामर के पोर्शन को बहुत अच्छी तरीके से हल किया होगा क्योंकि वह छात्रों के स्तर का सरल पोर्शन था। उन्होंने आगे कहा कि प्रोज एवं पोएट्री के प्रश्न छात्रों की बुद्धिलब्धता के अनुरूप थे जिनमे छात्र लगभग 95 प्रतिशत अंक अर्जित करेंगे। इस वर्ष इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय की परीक्षा का परीक्षाफल लगभग शत-प्रतिशत रहने की उम्मीद है।

## लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने को धरना जारी

कोटद्वार (चिंगारी)। भले ही उच्च न्यायालय ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग को हरी झंडी दे दी हो। लेकिन, स्थानीय जनता का मोटर मार्ग को एलिवेटेड बनाने के लिए धरना आज भी जारी है। लोगों ने मार्ग एलिवेटेड नहीं बनने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। चिल्लरखाल वन चौकी के समीप चल रहे धरने के दौरान लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण संघर्ष समिति संयोजक प्रवीण थापा ने कहा कि न्यायालय ने 12 फरवरी को मार्ग निर्माण की स्वीकृति दी। लेकिन, स्थानीय जनता अब सरकार से मार्ग को एलिवेटेड बनाने की मांग कर रही है, जिससे वर्ष भर इस मार्ग पर यातायात चलता रहे। साथ ही मार्ग पर व्यवसायिक वाहनों का संचालन भी किया जाना चाहिए। कहा कि यदि मार्ग पर केवल डामरीकरण ही होता है तो इसका जनता को अधिक लाभ नहीं मिलेगा। वहीं मार्ग के बेहतर बनने से सिडकुल के व्यापार को भी गति मिलेगी। साथ ही इससे कण्वाश्रम का भी विकास होगा। इस मौके पर मदन सिंह नेगी, रविंद्र सौंद, देवेंद्र रावत, गोविंद काला, हरेंद्र भंडारी, सुभाष त्यागी और राकेश बड़थ्वाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक सूर्यमणि रघुवंशी ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-स्व. बाबू सिंह चौहान।
सम्पादक-सूर्यमणि रघुवंशी।
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com

# संघ का काम अपना नाम बड़ा करना नहीं, देश का नाम ऊंचा करना है- भागवत

**मेरठ (एजेंसी/चिंगारी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कल मेरठ में कहा कि संघ का उद्देश्य राजनीतिक सत्ता प्राप्त करना नहीं है, बल्कि संपूर्ण हिंदू समाज को संगठित करना और व्यक्तियों के चरित्र निर्माण के माध्यम से राष्ट्रनिर्माण को मजबूत करना है। उन्होंने यह बात मेरठ के शताब्दी नगर स्थित माधव कुंज में देश-विदेश के लगभग 950 खिलाड़ियों से संवाद के दौरान कही। भागवत ने स्पष्ट कहा कि संघ का काम अपना नाम बड़ा करना नहीं, बल्कि देश का नाम ऊंचा करना है। उन्होंने दोहराया कि संघ किसी सत्ता, स्पर्धा या विरोध की भावना से प्रेरित नहीं है, बल्कि उसका मूल उद्देश्य समस्त हिंदू समाज का संगठन और व्यक्ति निर्माण है। करीब 50 मिनट के संबोधन में भागवत ने संघ की लगभग 100 वर्ष की यात्रा का उल्लेख करते हुए युवाओं से राष्ट्रनिर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रतिभागियों के अनुसार उन्होंने स्पष्ट कहा कि संघ किसी समूह के विरोध या प्रतिस्पर्धा में कार्य नहीं करता, बल्कि सामाजिक एकता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत की अवधारणा पर बोलते हुए भागवत ने कहा कि देश को केवल भौगोलिक सीमाओं में नहीं बांधा जा सकता। भारत की आत्मा भगवान राम, भगवान कृष्ण, भगवान बुद्ध, भगवान महावीर, स्वामी विवेकानंद, स्वामी दयानंद और महात्मा गांधी की परंपराओं से प्रेरणा लेती है। उन्होंने कहा कि 'हिंदू' शब्द विविधता में एकता का प्रतीक है, न कि जाति का द्योतक। पूजा-पद्धतियां और देवी-देवता भले अलग हों, लेकिन सांस्कृतिक आधार एकता और समरसता है। जब-जब सामाजिक एकता कमजोर हुई, तब-तब राष्ट्र को संकटों का सामना करना पड़ा। संघ प्रमुख ने समाज के चार स्तंभ संस्कार, सनातन संस्कृति, धर्मभाव और सत्यनिष्ठा का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ का मिशन व्यक्ति निर्माण के माध्यम से पूरे हिंदू समाज का संगठन है। स्वयंसेवक विभिन्न सामाजिक क्षेत्रों में सक्रिय हैं और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हैं।



खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि राष्ट्रनिर्माण किसी एक संगठन का नहीं, बल्कि पूरे समाज का दायित्व है। खेलों को उन्होंने लोगों को जोड़ने का सशक्त माध्यम बताया। उन्होंने 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में मेरठ की भूमिका का जिक्र करते हुए कहा कि यही ऐतिहासिक पृष्ठभूमि बाद में डॉ। केशव बलिराम हेडगेवार को 1925 में संघ की स्थापना के लिए प्रेरित करने वाली बनी।

## भागवत ने दिए संघ से जुड़ने के पांच मंत्र

संघ प्रमुख मोहन भागवत ने संघ से जुड़ने के पांच मंत्र दिए। बताया कि पहला संघ के कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर संघ को अंदर से देखें और किसी दायित्व पर कार्य करें। दूसरा संघ के किसी अनुषांगिक संगठन से जुड़कर काम करें। तीसरा संघ के विभिन्न कार्यक्रमों में किसी न किसी तरह सहयोग करें। चौथा आप अपना काम करते हुए संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम अथवा स्वयंसेवकों से संवाद बनाए रखें। अंतिम कोई न कोई अच्छा, प्रमाणिक एवं निस्वार्थ भाव से देश के लिए कार्य करते रहें। फिर आप स्वयंसेवक हों या न हों इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता। हम मानते हैं कि आप स्वयंसेवक हैं।




Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144
Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com







